PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

कर्म और मेहनतः 'कामयाबी कभी बड़ी नहीं होती, पाने वाले हमेशा बड़े होते हैं; दरार कभी बड़ी नहीं होती, भरने वाले हमेशा बड़े होते हैं '।

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-69 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरुवार, 29 जनवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### कथनी-करनी का फासला और विवाह समारोहों में बढ़ता नशे का चलन

भारतीय समाज की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि वह परंपराओं, मूल्यों और सामाजिक मर्यादाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी सहेजता आया है। विवाह जैसे संस्कार को तो हमारे यहां केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और दो संस्कृतियों का पवित्र मिलन माना गया है। लेकिन विडंबना यह है कि समय के साथ इस पवित्र संस्कार के स्वरूप में ऐसे तत्व घुसते चले गए हैं, जो न केवल इसके मूल भाव को विकृत कर रहे हैं, बल्कि समाज की कथनी और करनी के बीच गहराते अंतर को भी उजागर कर रहे हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगी कि बोलता है।

आज लगभग हर व्यक्ति अपने निजी जीवन में मांस-मदिरा का सेवन करता है या उसे सामान्य मानता है। किंतु जब बात अपनी बेटी के विवाह की आती है, तो वही व्यक्ति यह अपेक्षा करता है कि होने वाला दामाद 'खाता-पीता' न हो, अर्थात शराब, नशा और मादक पदार्थों से दूर रहने वाला हो। रिश्ते तय करते समय लड़के की आदतों की बाकायदा जांच-पड़ताल की जाती है–कहीं वह शराबी तो नहीं, कबाबी तो नहीं, किसी गलत संगत में तो नहीं। यह सावधानी स्वाभाविक भी है, क्योंकि हर माता-पिता अपनी बेटी का भविष्य सुरक्षित देखना चाहते हैं। परंतु यही सावधानी और नैतिकता विवाह के अगले ही चरण में ढहती नजर आती है। लगन-टीका, सगाई और शादी के आयोजनों में शराब की पार्टी को लगभग अनिवार्य बना दिया गया है। दुल्हन के भाई द्वारा दूल्हे पक्ष से शराब की मांग, मेहमानों की 'मनुहार' के नाम पर खुलेआम मदिरापान और इसे सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ देना–यह सब हमारी सामाजिक संरचना के ताने-बाने में गहराई तक समा चुका है। जो परिवार इस व्यवस्था से असहज होता है या इससे दूरी बनाना चाहता है, उसे 'कंजूस ', 'रूढ़िवादी' या 'मेहमाननवाजी न समझने वाला' करार दे दिया जाता है।

मलमास के बाद विवाह का मौसम शुरू होते ही यह दृश्य और भी स्पष्ट हो जाता है। विवाह पंडालों में भोजन की कतार से अधिक भीड़ अब अंधेरे कोनों में सजे अस्थायी बीयर बारों के पास दिखाई देती है। कहीं विधिवत व्यवस्था होती है, तो कहीं लोग गाड़ियों के बोनट पर सलाद, नमकीन, शराब की बोतलें और डिस्पोज़ल गिलास सजा लेते हैं। समारोह समाप्त होने के बाद गांवों के बाहर या रास्तों के किनारे बिखरी खाली बोतलें, रैपर और पानी की बोतलें न केवल गंदगी फैलाती हैं, बल्कि हमारी सामाजिक सोच की पोल भी खोलती हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस माहौल में हमारी नौजवान पीढ़ी किस दिशा में जा रही है। लगन-टीका जैसे अवसरों पर नशे में धुत, लड़खड़ाते कदमों से चलते युवा केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति एक चेतावनी हैं। जब समाज स्वयं ऐसे आयोजनों में नशे को प्रोत्साहन देता है, तो फिर युवाओं से संयम और अनुशासन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? यही कारण है कि कथनी और करनी के इस अंतर को देखकर नौजवान पीढ़ी भी दोहरे मानदंड सीख रही है–बोलने में आदर्श, निभाने में विपरीत। यह स्थिति केवल नैतिक चिंता का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक बोझ और सामाजिक दबाव का कारण भी बन चुकी है। शराब की 'कंपलसरी' व्यवस्था ने विवाह को अनावश्यक रूप से महंगा बना दिया है। मध्यम और गरीब परिवार सामाजिक दबाव में कर्ज लेकर भी इन आयोजनों में शराब की व्यवस्था करते हैं, ताकि कहीं रिश्ते में खटास न आ जाए। विडंबना यह है कि अगर लगन-टीका में शराब की 'परोसगिरी' में कोई कमी रह जाए, तो शिकायतें शुरू हो जाती हैं और रिश्तों में तनाव पैदा हो जाता है–मानो वर्षों की बातचीत, आपसी समझ और भावनात्मक जुड़ाव सब कुछ एक बोतल के आगे बौना पड़ गया हो। इस पूरे परिदृश्य में शराब का चरित्र बड़ा विचित्र हो गया है–सीधे पियो तो शान, छिपकर पियो तो भी काम चल जाता है, और मना करो तो सामाजिक अपराधी बन जाओ। 'वाह रे शराब के प्याले, तेरा भी काम निराला '–यह पंक्ति आज की सामाजिक सच्चाई पर करारा व्यंग्य बन चुकी है। समाधान क्या है? सबसे पहले हमें अपने दोहरे मानदंडों को स्वीकार करना होगा। यदि हम सचमुच नशे को बुरा मानते हैं, तो उसे विवाह जैसे संस्कारों से बाहर करने का साहस भी दिखाना होगा। सामाजिक बदलाव किसी कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प से आता है। परिवारों को आगे बढ़कर यह तय करना होगा कि सम्मान, रिश्ते और मेहमाननवाजी का पैमाना शराब नहीं, बल्कि सादगी, आत्मीयता और संस्कार होंगे। साथ ही, समाज के प्रबुद्ध वर्ग, धर्मगुरु, सामाजिक संगठन और मीडिया को भी इस विषय पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। जैसे दहेज के खिलाफ धीरे-धीरे चेतना बढ़ी है, वैसे ही विवाह समारोहों में नशे के अनिवार्य चलन पर भी सवाल उठाने होंगे। तभी हम आने वाली पीढ़ी को यह संदेश दे पाएंगे कि विवाह केवल दिखावे और नशे का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन के दो रास्तों का जिम्मेदार और सम्मानजनक संगम है। यदि आज हमने इस विरोधाभास पर आत्ममंथन नहीं किया, तो कल हमारी कथनी और करनी का यह फासला और गहरा होगा–और उसका खामियाजा समाज, परिवार और हमारी युवा पीढ़ी को चुकाना पड़ेगा।

# महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन

### बारामती में लैंडिंग के दौरान गिरकर खाक, सभी 5 सवार मारे गए; अंतिम संस्कार कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के डिप्टी ष्टरूअजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू



ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था। महाराष्ट्र ष्टरू देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं। इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी AAIB ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी ङ्कस्क्र वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है। दूसरी टीम बारामती रवाना हो गई है। इस बीच VSR वेंचर्स ने कहा है कि पायलट को 16 हजार घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। विमान की को-पायलट के पास 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था। कंपनी ने दावा किया कि एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं थी। अजित पवार की पार्टी NCP भाजपा-शिवसेना महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शामिल है। उन्हें मिलाकर पार्टी के कुल 41 विधायक थे। वे खुद उपमुख्यमंत्री थे। उनके अलावा 7 कैबिनेट और 1 राज्य मंत्री हैं।

# पार्सल डिलीवरी स्कैम से रहें एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाएं हर घर की सामान्य आवश्यकता बन चुकी हैं। लोग मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स के माध्यम से सामान मंगवाते हैं, लेकिन इसी सुविधा का फायदा उठाकर साइबर अपराधी भोले-भाले नागरिकों को ठगने में लगे हुए हैं। हाल ही में देशभर में 'पार्सल डिलीवरी स्कैम' के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे। इस संदर्भ में एसपी रेवाड़ी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है।

### महंगे गिफ्ट और कस्टम शुल्क के नाम पर ठगे जा रहें लोग

इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी-कभी इसमें सोना, हीरे-जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। इसके बाद कॉल, ईमेल या व्हाट्सएप संदेश भेजकर यह बताया जाता है कि पार्सल एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स या शुल्क चुकाना होगा। शुरुआत में मामूली रकम मांगी जाती है, लेकिन एक बार भुगतान करने के बाद लगातार नए-नए चार्जेज की मांग शुरू हो जाती है।



### एसपी का संदेश

इस अवसर पर हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा 'रेवाड़ी पुलिस आमजन से अपील करती है कि लालच और डर में आकर कोई भी ऑनलाइन भुगतान न करें। साइबर ठग अपने हथकंडे बदलते रहते हैं, लेकिन यदि नागरिक सतर्क रहें तो किसी भी स्कैम से बचा जा सकता है। याद रखें - सतर्क नागरिक ही सुरक्षित नागरिक है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस को दें।' रेवाड़ी पुलिस नागरिकों को आश्वस्त करती है कि साइबर अपराधों के खिलाफ हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### चेतावनी के संकेत

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे स्कैम में ठग लालच और डर दोनों का इस्तेमाल करते हैं। वे कभी महंगे उपहार का लालच देकर तो कभी कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर पीड़ितों पर दबाव बनाते हैं। इस तरह की ठगी के कुछ स्पष्ट संकेत हैं, अनजान नंबर या ईमेल से गिफ्ट संदेश आना, केवल UPI या ई-वॉलेट से पेमेंट की मांग होना, निजी बैंक अकाउंट में पैसे डालने का दबाव, बिना रसीद के कंपनी/कस्टम के नाम पर पैसे मांगना।

### सावधानी ही बचाव

ऐसे मामलों में सबसे महत्वपूर्ण है सतर्क रहना। किसी भी अनजान कॉल, ईमेल या लिंक पर भरोसा न करें और भुगतान से पहले पूरी तरह पुष्टि करें। यदि वास्तव में कोई पार्सल विदेश से आया हो, तो केवल अधिकृत वेबसाइट या कंपनी के कस्टमर केयर से ही संपर्क करें। व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार, पैन, बैंक अकाउंट नंबर या ओटीपी साझा न करें। इसके अलावा मोबाइल और ईमेल खातों पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें और किसी भी दबाव में आकर तुरंत भुगतान करने से बचें। यदि कोई नागरिक इस तरह के स्कैम का शिकार हो जाए तो तुरंत निकटतम थाने में शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है। बैंक लेन-देन की रसीद, चैट और ईमेल जैसे सभी सबूत सुरक्षित रखें ताकि जांच में सहायता मिल सके।

## एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2026 के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** ज्योति बाल विद्यापीठ माध्यमिक विद्यालय नवलगढ़ में एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2026 तीसरे दिन का शुभारंभ संस्था निदेशक नरोत्तम लाल चौहान की अध्यक्षता में हुआ।कार्यक्रम पूर्व निर्धारित खेल कबड्डी प्रतियोगिता खेल से प्रारंभ किया गया, पायल सांखला की टीम विजेता व सोनिया गढ़वाल की टीम उपविजेता रही। छात्र वर्ग में राज की टीम विजेता रही व उदेश चावला की टीम उपविजेता रही। पास द वॉल छात्र वर्ग उषा, प्रज्ञा चावला विजेता रही, विनीता रियांशी उपविजेता रही। छात्र वर्ग में हर्षित, सिद्धार्थ चावला विजेता रहे, युवराज खींची व शुभम सामरिया उप विजेता रहें। पिक द बॉल एंड रन प्रतियोगिता में विवेक सैनी फर्स्ट रहा अल्फाज दूसरे स्थान पर रहा। थ्री लेग दौड़ प्रतियोगिता में साहीना व जीविका विजेता रही। यक्षिता व शबनम उपविजेता रही। छोटे बच्चों का बहुत सुंदर गेम समान रंग के बाल समान बॉक्स में डालना आकर्षण का केंद्र रहा। अंत में संस्था निदेशक नरोत्तम चौहान ने बताया कि खेल के साथ-साथ हमारा जो लक्ष्य है उसके प्रति हमारा ध्यान केंद्रित रहे।अध्ययन के प्रति जागरूक बने अपने माता-पिता और गुरुजनों के सपनों को साकार करें। साथ ही कड़ी मेहनत करने की आदत डालें। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## आदित्री फाउंडेशन के प्रयास से ग्रामीण शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

# लांबी सहड़ में इंग्लिश मीडियम बाल वाटिका का लोकार्पण 31 जनवरी को करेंगे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बुहाना।**

ग्रामीण अंचल में प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत शहीद सुरेश कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लांबी सहड़ (ग्राम सहड़) में स्थापित इंग्लिश मीडियम स्कूल की बाल वाटिका का भव्य लोकार्पण समारोह 31 जनवरी 2026 (शनिवार) को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री दिलावर करेंगे लोकार्पण

इस महत्वपूर्ण अवसर पर राजस्थान सरकार के माननीय शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर बाल वाटिका का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद झुंझुनूं संतोष अहलावत करेंगी।

### राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां रहेंगी उपस्थित

समारोह में भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू ,खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर पिलानी विधायक प्रत्याशी





राजेश दहिया, जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हारी, पूर्व जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, विभाग संघचालक अशोक सिंह शेखावत, चेयरमैन पुष्पा सेवा राम गुप्ता (सूरजगढ़) तथा प्रदेश कार्यकारी सदस्य विकास शर्मा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहेंगे।

### ग्रामीण बच्चों के लिए आधुनिक व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण

बाल वाटिका को बच्चों के अनुकूल, आकर्षक और सुरक्षित वातावरण में विकसित किया गया है। साथ ही एक एनजीओ के सहयोग से विद्यालय वाहन की व्यवस्था भी की गई है, जिससे लगभग 5 किलोमीटर क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय तक लाने-ले जाने में सुविधा मिलेगी।

### हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव की दूरदर्शी भूमिका

उल्लेखनीय है कि यह सरकारी विद्यालय ग्राम सहड़ में स्थित है, जबकि सहड़, लांबी अहीर एवं कानसिंहपुरा–तीनों गांवों की सरपंच 'हॉकी वाली सरपंच' नीरू यादव हैं। सरपंच नीरू यादव द्वारा इस विद्यालय को गोद लिया गया है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं सामाजिक सरोकारों के परिणामस्वरूप आदित्री फाउंडेशन के माध्यम से इंग्लिश मीडियम बाल वाटिका का निर्माण, कक्ष सज्जा और शैक्षणिक संसाधनों का विकास किया गया।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप अनुकरणीय पहल

यह प्रयास नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही अंग्रेज़ी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह पहल यह दर्शाती है कि यदि पंचायत नेतृत्व, प्रशासन और समाज मिलकर कार्य करें तो सरकारी विद्यालय भी उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र बन सकते हैं।

### ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में बनेगा मिसाल

शिक्षा मंत्री द्वारा होने वाला यह लोकार्पण समारोह क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई उम्मीदें जगाने वाला सिद्ध होगा। ग्रामीणों, अभिभावकों और शिक्षाविदों में इस अभिनव पहल को लेकर उत्साह है और यह बाल वाटिका विद्यालय भविष्य में ग्रामीण शिक्षा का मॉडल केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर में डॉक्टर बनने का सपना देखने वालों के लिए खुशखबरी

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले छात्रों के लिए अच्छी खबर है। अब वे भारत की मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन समेत आठ और विदेशी संस्थानों में पढ़ाई कर सकते हैं। सिंगापुर सरकार ने बढ़ती उम्र की आबादी और डॉक्टरों की जरूरत को देखते हुए इन यूनिवर्सिटीज की डिग्री को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर मेडिकल काउंसिल (एसएमसी) ने मंगलवार को एक साझा बयान में यह जानकारी दी। इस फैसले के बाद एक फरवरी 2026 से सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि उसने मेडिकल रजिस्ट्रेशन एक्ट 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने के लिए एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी, आयरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया की यूनिवर्सिटी साइंस मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन की शिन्हुआ यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और सिटी सेंट जॉर्ज (यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन) शामिल हैं।

### मिनियापोलिस से हट सकते हैं बॉर्डर पेट्रोल कमांडर बोविनो

**मिनियापोलिस , एजेंसी।** मिनियापोलिस में तैनात वरिष्ठ बॉर्डर पेट्रोल कमांडर ग्रेग बोविनो और कुछ अन्य एजेंट जल्द ही शहर छोड़ सकते हैं। मामले से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, यह वापसी मंगलवार से शुरू हो सकती है। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बोविनो, ट्रंप प्रशासन के दौरान देशभर में चलाए गए आक्रामक इमिग्रेशन अभियानों का प्रमुख चेहरा रहे हैं। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टॉम होमन को मिनेसोटा भेजा है, जो अब वहां ढ्ढष्टश्व (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) की कमान संभालेंगे। बोविनो की संभावित वापसी ऐसे समय में सामने आई है, जब बॉर्डर पेट्रोल एजेंट्स द्वारा 37 वर्षीय ढ्ढष्ट नर्स एलेक्स जेफ्री प्रेटी की गोली मारकर हत्या को लेकर भारी आक्रोश है। इस घटना के बाद मिनियापोलिस समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए।

### नेपाल चुनाव से पहले पूर्व राजा ज्ञानेंद्र का मधेश दौरा, जनकपुर में पूजा कर दिखाया शक्ति प्रदर्शन

**जनकपुर , एजेंसी।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले मधेश क्षेत्र में तीर्थयात्रा की शुरुआत की है। सोमवार को उन्होंने जनकपुर स्थित जानकी मंदिर में पूजा–अर्चना की, जहां बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। जनकपुर पहुंचने पर ज्ञानेंद्र शाह का जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ परिवार के सदस्य और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के कार्यकर्ता भी थे, जो राजशाही समर्थक नारे लगा रहे थे। जानकी मंदिर के बाद शाह ने लगभग आधा किलोमीटर पैदल चलकर राम मंदिर और कालादेवी मंदिर में भी दर्शन किए। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब नेपाल पिछले साल हुए जेन जेड आंदोलनों के बाद राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। पूजा के दौरान जब उनसे राजनीतिक संदेश के बारे में पूछा गया, तो ज्ञानेंद्र शाह ने कहा भगवान के स्थान पर भगवान की ही बात होनी चाहिए, बाकी किसी विषय पर नहीं। इस दौरे के साथ ही एक और विवाद सामने आया है। हाल के दिनों में ज्ञानेंद्र शाह के लिए फिर से शाही उपाधियों का इस्तेमाल शुरू हो गया है। 21 जनवरी को जारी एक आधिकारिक बयान में उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ संबोधित किया गया, जबकि 2008 में राजशाही खत्म होने के बाद से उन्हें लगातार पूर्व राजा कहा जाता रहा है।

### गुयाना : अमेरिकी प्रत्यर्पण के बावजूद एजरुद्दीन मोहम्मद बने विपक्षी नेता

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में एजरुद्दीन मोहम्मद, जो सोने की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में अमेरिकी प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, सोमवार को विपक्षी नेता चुने गए। छह महीने पहले उन्होंने वी इन्वेस्ट इन नेशनहुड नामक राजनीतिक दल बनाया था, जो तेजी से देश का दूसरा सबसे बड़ा दल बन गया। 38 वर्षीय मोहम्मद को विपक्षी नेता बनाने के लिए डब्ल्यूआईएन के 16 सांसदों और एक अन्य छोटे दल के सांसद ने मतदान किया। इस वोटिंग के साथ ढ्ढढ्ढह्य संसद में दूसरा सबसे बड़ा दल बन गया। इस बीच, अमेरिकी प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई एक मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मोहम्मद ने कहा एक व्यक्ति निर्दोष है जब तक दोष साबित न हो। मैं इस देश की जनता की सेवा के लिए तैयार हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी राजनीतिक सफलता के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि, स्पीकर हाउस मन्जूर नादिर ने चुनाव पर चिंता जताई और कहा कि एक भगोड़े को विपक्षी नेता बनाने की प्रक्रिया कठिन स्थिति में है।

# अफ्रीकी युवती ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, पेड़ के गले लगकर 72 घंटे खड़ी रहीं



**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या की 22 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता ट्रूफेन मुथोनी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने लगातार 72 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर 'सबसे लंबी मैराथन ट्री-हगिंग' का विश्व रिकॉर्ड बनाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, ट्रूफेन ने यह उपलब्धि 8 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 के बीच हासिल की। उन्होंने न्येरी गवर्नर कार्यालय परिसर में 11 दिसंबर को दोपहर 12:25 बजे अपना रिकॉर्ड पूरा किया।

**ट्रूफेन का उद्देश्य :** जीडब्ल्यूआर की वेबसाइट के मुताबिक, ट्रूफेन ने यह चुनौती स्वदेशी पेड़ों की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और आदिवासी समुदायों के ज्ञान को सम्मान देने के उद्देश्य से ली थी। उनका मानना है कि जलवायु संकट से निपटने में स्वदेशी ज्ञान की अहम भूमिका है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने कहा कि इस रिकॉर्ड का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जुनून बन सके।


**दूसरी बार ट्रूफेन को ट्री-हगिंग मैराथन के लिए मान्यता मिली :** यह दूसरी बार है जब ट्रूफेन को ट्री-हगिंग मैराथन के लिए मान्यता मिली है। इससे पहले उन्होंने नैरोबी में 31 जनवरी से 2 फरवरी 2025 के बीच 48 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। इस दौरान उन्होंने पिछले रिकॉर्ड को लगभग 24 घंटे से अधिक समय तक पीछे छोड़ दिया था।

**इससे पहले का रिकॉर्ड किसके नाम रहा :** इससे पहले यह रिकॉर्ड घाना के अब्दुल हकीम अवाल के नाम था, जिन्होंने 23 मई 2024 को कुमासी में 24 घंटे 21 मिनट 4 सेकंड तक पेड़ को गले लगाया था। जीडब्ल्यूआर के अनुसार, ट्रूफेन ने इस चुनौती को मानसिक और भावनात्मक लाभों को उजागर करने के लिए भी अपनाया। उन्होंने इसके लिए पांच महीने से अधिक समय तक तैयारी की, जिसमें 42 किलोमीटर की पैदल यात्राएं और 12 घंटे तक पेड़ से लिपटने के अभ्यास शामिल थे। रिकॉर्ड की घोषणा के बाद ट्रूफेन के सोशल मीडिया अकाउंट पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। कई लोगों ने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

**सूडान में सेना ने आरएसएफ का घेरा तोड़ा : खार्तूम, एजेंसी।** सूडान की सेना ने केंद्रीय कोरडोफान क्षेत्र में पैरामिलिट्री बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफस्न) द्वारा डाले गए घेराबंदी को तोड़ दिया। सेना ने दक्षिण कोरडोफान के डिलिंग शहर तक रास्ता खोलकर आरएसएफ को भारी नुकसान पहुंचाया। आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष पिछले तीन वर्षों से जारी है। अप्रैल 2023 में सेना और आरएसएफ के बीच सत्ता संघर्ष ने खुली लड़ाई का रूप ले लिया। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 40,000 से अधिक लोगों की जान गई और 14 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं।

**वेनेजुएला: सैकड़ों कैदी अब भी बंद, हाल में दर्जनों रिहा : काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला में पिछले दो दिनों में कई कैदियों को रिहा किया गया, जबकि सैकड़ों राजनीतिक विरोधियों को अभी भी जेल में रखा गया है। यह कदम अमेरिकी दबाव के बीच आया है, जो कार्यवाहक सरकार से बंदियों की रिहाई की मांग कर रहा है। मानवाधिकार समूहों के अनुसार, 8 जनवरी से अब तक 266 राजनीतिक कैदी रिहा किए गए हैं। इनमें एक विपक्षी कार्यकर्ता, एक मानवाधिकार वकील और एक पत्रकारिता छात्र शामिल हैं। हालांकि, कम से कम 600 विरोधी अभी भी जेल में हैं, जिनमें विपक्षी नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता मारिया कोरीना मचाडो के पार्टी सदस्य भी शामिल हैं।

# इजराइल ने गाजा से आखिरी बंधक का शव बरामद किया, कब्र खोदकर पुलिस का शव निकाला



**गाजा, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने सोमवार को घोषणा की कि गाजा में अंतिम बंधक का शव बरामद कर लिया गया है। बंधकों की खोज के लिए इजराइली सेना कई दिनों से ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान कब्रिस्तान से पुलिस अधिकारी रान गिविली का शव मिला। इसके साथ ही इजराइल और हमास के बीच लागू युद्धविराम के अगले चरण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गिविली 7 अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व वाले हमले में मारे गए थे, जिसने युद्ध की शुरुआत की थी। गिविली उन पहले लोगों में शामिल थे, जिन्हें गाजा ले जाया गया था। सभी बंधकों को वापस लाने का वादा पूरा किया गया है।

गिविली के परिवार ने पहले सरकार से अपील की थी कि उनके शव की बरामदगी से पहले युद्धविराम के दूसरे चरण में प्रवेश न किया जाए। हमास ने कहा है कि वह युद्धविराम के पहले चरण की सभी शर्तों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि आखिरी बंधक के शव की वापसी मध्य पूर्व में शांति की दिशा में अहम कदम है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि यह अमेरिका, इजरायल और पूरी दुनिया के लिए बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। इससे मध्य-पूर्व में शांति की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि गाजा के पुनर्निर्माण के संबंध में नवगठित शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए 20 से अधिक नए देशों ने भी हस्ताक्षर किए हैं, जो राष्ट्रपति के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# ओरेगन की वोटर लिस्ट मांगने वाला न्याय विभाग का मुकदमा अदालत ने किया खारिज


**सालेम, एजेंसी।** ओरेगन में एक संघीय जज ने सोमवार को न्याय विभाग के उस मुकदमे को खारिज कर दिया, जिसमें ओरेगन की बिना संपादित की हुई वोटर लिस्ट मांगी गई थी। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की राज्यों से विस्तृत वोटर डेटा हासिल करने की कोशिशों को एक और झटका है। सुनवाई के दौरान अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने मामले को खारिज कर दिया।

ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने एक ईमेल बयान में कहा, 'अदालत ने इस मामले को खारिज कर दिया क्योंकि संघीय सरकार ने इन रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए कानूनी मानक को कभी पूरा नहीं किया। ओरेगन के लोगों को यह जानने का हक है कि वोटिंग कानूनों का इस्तेमाल उनकी निजी जानकारी हथियाने के लिए पिछले दरवाजे के तौर पर नहीं किया जा सकता।'

न्याय विभाग ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अदालत ने ये फैसला तब दिया है, जब अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने शनिवार को गवर्नर टिम वाल्ज को एक पत्र भेजा, उसी दिन संघीय इमिग्रेशन एजेंटों ने मिनियापोलिस में 37 वर्षीय एलेक्स प्रेटी को गोली मारकर हत्या कर दी। प्रेटी, ट्रंप सरकार के सख्त आव्रजन नियमों का विरोध कर रहा था।

अपने पत्र में, बोंडी ने डेमोक्रेटिक गवर्नर से इमिग्रेशन अधिकारियों का समर्थन करने के लिए कहा और कानून और व्यवस्था वापस लाने में मदद करने के लिए तीन कदम उठाने की मांग की- जिसमें न्याय विभाग को वोटर लिस्ट तक पहुंचने की क्षमता देना शामिल है ताकि यह पुष्टि की जा सके कि मिनेसोटा की वोटर रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाएं संघीय कानून का पालन करती हैं या नहीं। बोंडी ने राज्य के मेडिकेड और खाद्य सहायता कार्यक्रमों के रिकॉर्ड और अभयारण्य नीतियों को रद्द करने के लिए भी कहा, जो स्थानीय अधिकारियों को संघीय इमिग्रेशन अधिकारियों के साथ सहयोग करने से रोकती हैं।

# ब्रिटेन में भारतवंशी नेता सुएला ब्रेवरमैन ने कंजरवेटिव पार्टी छोड़ी, कट्टर दक्षिणपंथी नाइजल फराज की पार्टी में शामिल



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने सोमवार को कंजर्वेटिव पार्टी छोड़कर आप्रवासन-विरोधी पार्टी रिफॉर्म यूके पार्टी जॉइन कर ली। उन्होंने कहा कि वे अब टोरी पार्टी को 'अलविदा' कह रही हैं, क्योंकि कंजर्वेटिव सरकार के दौर में इमिग्रेशन पूरी तरह 'काबू से बाहर' हो गया है।

45 साल की ब्रेवरमैन दक्षिणी इंग्लैंड के फेयरहैम और वॉटरलूविल से सांसद हैं और गोवा मूल की हैं। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर बताया कि उन्होंने कंज़र्वेटिव पार्टी की 30 साल पुरानी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लंदन में हुए एक कार्यक्रम में रिफॉर्म यूके के नेता नाइजेल फराज ने उनका स्वागत किया। ब्रेवरमैन अब उन बड़े कंजर्वेटिव नेताओं में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने फराज की पार्टी का दामन थामा है। उनसे पहले पूर्व मंत्री रॉबर्ट जेनरिक और नदीम जहावी भी रिफॉर्म यूके में जा चुके हैं। इसके साथ ही कंजर्वेटिव पार्टी से रिफॉर्म यूके में जाने वाले सांसदों की संख्या 8 हो गई है। पार्टी छोड़ने के बाद ब्रेवरमैन ने कहा, 'ब्रिटेन टूट चुका है। देश तकलीफ में है, ठीक नहीं है। इमिग्रेशन काबू से बाहर है, सार्वजनिक सेवाएं चरमरा गई हैं, लोग खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते और हमारे युवा बेहतर भविष्य की तलाश में देश छोड़कर जा रहे हैं।

ब्रेवरमैन ने फराज की तारीफ करते हुए कहा कि ब्रिटिश राजनीति में सिर्फ एक ही ऐसा व्यक्ति है जो अपने देश के लिए लगातार साहस के साथ खड़ा रहा है, और वह व्यक्ति नाइजेल फराज हैं। कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर ब्रेवरमैन को कट्टर दक्षिणपंथी धड़े का बड़ा चेहरा माना जाता रहा है। वे पहले पार्टी नेतृत्व का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक ने उन्हें अपनी सरकार की टॉप लीडरशिप में शामिल किया था। विवादों से उनका पुराना नाता रहा है। उन्हें दो बार गृह मंत्री पद से हटाया गया। पहली बार लिज ट्रस के कार्यकाल में मंत्री आचार संहिता के उल्लंघन पर और दूसरी बार पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के दौर में विवादित मीडिया टिप्पणियों की वजह से।

# अमेरिका के अलग होने पर डब्ल्यूएचओ ने तोड़ी चुप्पी, टेड्रोस बोले-आपके फैसले से दुनिया में खतरा बढ़ा

**जिनेवा , एजेंसी।** अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटने के फैसले पर डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम गेब्रेयेसस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बताए गए कारण तथ्यों से परे और गलत हैं। डॉ. टेड्रोस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ का संस्थापक सदस्य रहा है और संगठन की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों में उसकी अहम भूमिका रही है। इनमें चेचक का उन्मूलन, पोलियो, इबोला, इन्फ्लुएंजा, टीबी, मलेरिया और अन्य गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई शामिल है। अमेरिका के फैसले पर डब्ल्यूएचओ की आपत्ति डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, अमेरिका के डब्ल्यूएचओ से हटने से न सिर्फ अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया कम सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने साफ किया कि डब्ल्यूएचओ हमेशा सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करता आया है और अमेरिका के साथ भी यही रवैया रहा है। डब्ल्यूएचओ को उम्मीद है कि भविष्य में अमेरिका फिर से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

**कोविड-19 पर लगाए गए आरोप :** अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ पर कोविड-19 महामारी के दौरान विफलता, जानकारी छिपाने और गलत मार्गदर्शन देने का आरोप लगाया था। इस पर डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने महामारी के दौरान तेज़ी और पारदर्शिता से जानकारी साझा की। मास्क, वैक्सीन और सामाजिक दूरी की सलाह दी गई लेकिन लॉकडाउन या वैक्सीन अनिवार्यता की सिफारिश कभी नहीं की अंतिम फैसले सरकारों पर छोड़े गए। डब्ल्यूएचओ ने माना कि किसी भी संगठन से कुछ गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उसने महामारी से निपटने में अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी से निभाई। अमेरिका का आधिकारिक रुख 22 जनवरी को अमेरिका ने औपचारिक रूप से डब्ल्यूएचओ से बाहर निकलने की घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और स्वास्थ्य मंत्री केनेडी ने कहा कि आगे डब्ल्यूएचओ से अमेरिका का संपर्क सिर्फ निकासी प्रक्रिया और अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा तक सीमित रहेगा। डब्ल्यूएचओ ने दोहराया कि वह सभी देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा और उसका लक्ष्य है हर इंसान को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, जो एक मौलिक मानव अधिकार है।

# नाइजीरिया में राष्ट्रपति टीनुबू की सरकार के खिलाफ साजिश का पर्दाफाश, अब मुकदमा चलाएगी सेना



**अबूजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के रक्षा मुख्यालय ने सोमवार को एक बड़ी जानकारी दी। एक जांच रिपोर्ट के आधार पर सेना ने बताया कि सैन्य अधिकारियों के एक समूह पर तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप है। अब इन अधिकारियों पर मुकदमा चलाया जाएगा।

**16 अधिकारियों की हुई थी गिरफ्तारी :** इस मामले में अक्टूबर महीने में कम से कम 16 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। उस समय सेना ने इसे अनुशासनहीनता और नियमों का उल्लंघन बताया था। इन गिरफ्तारियों और तख्तापलट की अफवाहों से इलाके में तनाव काफी बढ़ गया था। यह क्षेत्र पहले भी कई बार तख्तापलट का सामना कर चुका है।

**राष्ट्रपति के खिलाफ थी साजिश :** नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता समाइला उबा ने सोमवार को बताया कि अधिकारियों के आचरण की जांच पूरी हो गई है। जांच में खुलासा हुआ कि राष्ट्रपति बोला टीनुबू की सरकार के खिलाफ तख्तापलट की साजिश रची गई थी।

उबा ने कहा, 'जांच में कई अधिकारियों की पहचान हुई है। उन पर सरकार गिराने की योजना बनाने का आरोप है। यह काम सेना के मूल्यों और पेशेवर मानकों के बिल्कुल खिलाफ है।' प्रवक्ता ने बताया कि दोषी अधिकारियों को सैन्य अदालत (पैनल) के सामने पेश किया जाएगा। वहां उन पर सेना के नियमों के तहत मुकदमा चलेगा।

**नामों का खुलासा नहीं :** अभी यह साफ नहीं है कि गिरफ्तार किए गए 16 अधिकारियों में से कितनों पर मुकदमा चलेगा। अधिकारियों ने उनके नाम भी नहीं बताए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सेना में अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**अफ्रीका में तख्तापलट की घटनाएं बढ़ी :** यह खबर ऐसे समय आई है जब पश्चिम और मध्य अफ्रीका में तख्तापलट की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले साल के अंत में बेनिन और गिनी-बिसाऊ में भी ऐसी घटनाएं हुई थीं। जानकारों के मुताबिक, विवादित चुनाव, सुरक्षा संकट और युवाओं में नाराजगी के कारण सेना सत्ता हथियाने की कोशिश करती है। नाइजीरिया में 1966 से 1993 के बीच कई बार तख्तापलट हो चुका है। अभी वहां सरकार के कड़े आर्थिक फैसलों के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं, जिससे चिंता का माहौल है।

# क्या तेहरान पर हवाई हमले की तैयारी कर रहे ट्रंप? ईरान के नजदीक पहुंचे अमेरिका के युद्धपोत

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में विरोध प्रदर्शनों को वहां की सरकार ने कुचल दिया है और जब ऐसा लग रहा है कि हालात सामान्य होने की तरफ हैं, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। दरअसल अमेरिका का युद्धपोत अब्राहम लिंकन ईरान के नजदीक पहुंच गया है। जिससे आशंका पैदा हो गई है कि शायद ट्रंप, ईरान पर हमले की तैयारी कर रहे हैं।

**अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया पहुंचा :** अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन बेहद शक्तिशाली युद्धपोत है, जो निमित्ज क्लास का है और परमाणु ऊर्जा से संचालित होता है।

यह कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 3 का नेतृत्व करता है। यह युद्धपोत 19 जनवरी को मलक्का की खाड़ी से गुजरा। इस युद्धपोत के साथ एर्ले बुर्क क्लास के तीन डेस्ट्रॉयर (विध्वंसक जहाज) यूएसएस फ्रैंक ई पीटरसन जूनियर, यूएसएस स्प्रांस, यूएसएस माइकल मर्फी भी शामिल हैं। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पश्चिम एशिया में तैनात किया गया है। युद्धपोत के साथ ही अमेरिका ने अपने फाइटर जेट्स और कार्गो फ्लीट को भी ईरान के आसपास तैनात किया है।



अमेरिका के इस कदम को ईरान पर दबाव बनाने के तौर पर देखा जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया था कि एक बड़ी नौसैन्य टुकड़ी ईरान की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन हो सकता है कि उसे इस्तेमाल करने की जरूरत ही न पड़े।

**ईरान में दिसंबर में हुए विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोग मारे गए :** ईरान में बीते दिसंबर में बढ़ती महंगाई और बिगड़ती अर्थव्यवस्था के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इन विरोध प्रदर्शन में छह हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा है। ईरान की सरकार ने कई प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की तैयारी कर ली थी, लेकिन अमेरिका की धमकी के बाद ईरान ने फिलहाल फांसी की सजा टाल दी है। अमेरिकी धमकियों के बीच ईरान ने भी चेताया है कि वे युद्ध नहीं चाहते लेकिन अगर अमेरिका हमला करता है तो पूरी ताकत से हमले का जवाब दिया जाएगा।

# मेघपुर में शोक की लहर; वायुसेना के जवान संदीप यादव का कैंसर से निधन, सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

पचेरी थाना क्षेत्र के गांव मेघपुर निवासी भारतीय वायुसेना के 35 वर्षीय जवान संदीप यादव का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन



हो गया। वे पिछले तीन माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे तथा 29 नवंबर 2025 को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनके निधन से पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार संदीप यादव देश सेवा के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थे। गंभीर बीमारी के बावजूद वे ड्यूटी निभाने का जज्बा रखते थे। उनका जीवन अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक रहा। वे महाराष्ट्र में ड्यूटी पर तैनात थे तथा सितंबर 2025 में छुट्टी पर गांव आए थे।





## 2010 में हुए थे भर्ती, खेलों में भी थे आगे

परिजनों ने बताया कि संदीप यादव का जन्म 1 जनवरी 1989 को हुआ था और वे 2010 में दिल्ली से भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए थे। स्कूली जीवन में भी वे खेलों के प्रति रुचि रखते थे और जिला स्तर पर सम्मानित हो चुके थे। उनकी शादी 17 फरवरी 2017 को हुई थी।

## सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

बुधवार को मेघपुर में संदीप यादव का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया। इससे पूर्व निहालोठ बस स्टैंड से पैतृक गांव तक तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं और ग्रामीणों ने देशभक्ति नारों के साथ जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर अंतिम यात्रा निकाली गई। जयपुर से सेना की टुकड़ी भी सम्मान देने के लिए पहुंची।

## पीछे छोड़ गए शोकाकुल परिवार

संदीप यादव अपने पीछे पत्नी, छह वर्षीय बेटी अनाइशा और चार माह के बेटे कार्तिक को छोड़ गए हैं। छोटे बच्चों और शोकाकुल परिवार को देखकर हर आंख नम हो गई। परिवार में उनके पिता रोहिताश, माता कमलेश और छोटा भाई प्रदीप हैं।

## वायुसेना व प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

यूनिट से आए जेडब्ल्यूओ संतोष ने बताया कि संदीप यादव एक कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित जवान थे। अंतिम संस्कार के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी चिड़ावा कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़, सुबेदार मेजर राजेश कुमार, अमरजीत, अशोक कुमार, प्रदीप, करण सिंह, सचिन, रोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# नीमराना पुलिस थाना में सीएलजी मीटिंग, एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने कानून व्यवस्था पर की चर्चा



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** पुलिस थाना परिसर में बुधवार को कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की कानून- व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सीएलजी सदस्यों ने रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही नीमराना फ्लाईओवर के नीचे लगने वाले जाम से आमजन को राहत दिलाने और मुख्य बाजार में बार-बार लगने वाले यातायात जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग रखी। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि रात्रि के समय बाजार की दुकानों का समय निर्धारित किया जाए तथा संदिग्ध एवं अनजान व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल ने मुख्य बाजार में दुकानों के संचालन का समय तय करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि समय निर्धारण से यातायात व्यवस्था सुचारू रहेगी और सुरक्षा प्रबंधन भी बेहतर होगा। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर पुलिस प्राथमिकता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और रात्रि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में एएसपी सुरेश खींची, डीएसपी चारुल गुप्ता, शाहजहांपुर थाना अधिकारी प्रकीता सिंह, थानाधिकारी राजेश मीणा, पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल, सतीश मुद्गल, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील चौहान, सतीश गुर्जर, अशोक सैनी, युवा नेता अशोक दोराता, कर्मपाल चौहान, जयभारत सोनी, लीगल एडवाइजर काजल, किरण सामरिया सहित अनेक सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

# सिलारपुरी के योगेंद्र सिंह ढाका बने आर्मी में ऑनरेरी कैप्टन, गांव में खुशी की लहर

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।**

बुहाना उपखंड क्षेत्र के गांव सिलारपुरी निवासी योगेंद्र सिंह ढाका पुत्र अमीलाल ढाका (सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक) को भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ऑनरेरी लेफ्टिनेंट से पदोन्नत कर ऑनरेरी कैप्टन बनाया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित इस पदोन्नति से गांव, परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। योगेंद्र सिंह ढाका वर्ष 1996 में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। अपने लगभग तीन दशकों के सेवाकाल में उन्होंने देश की सीमाओं पर विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने द्रास सेक्टर में तैनात रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे लेकर आज भी गांव के लोग गर्व महसूस करते हैं।

## सेवाकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर दी सराहनीय सेवाएं

सेना में रहते हुए योगेंद्र सिंह ढाका ने अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कई पदों पर सेवाएं



दीं। उनके उत्कृष्ट कार्य, नेतृत्व क्षमता और समर्पण को देखते हुए पहले उन्हें ऑनरेरी लेफ्टिनेंट की उपाधि प्रदान की गई थी, और अब गणतंत्र दिवस पर उन्हें ऑनरेरी कैप्टन के पद से सम्मानित किया गया है। यह पदोन्नति सेना में उनके लंबे, निष्ठावान और गौरवपूर्ण सेवाकाल का सम्मान मानी जा रही है।

## वर्तमान में असम के सिलचर में तैनात

डॉ. संदीप डांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में योगेंद्र सिंह ढाका असम के सिलचर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी वे पूरी निष्ठा से देश सेवा में लगे हुए हैं।

## गांव में बधाइयों का तांता, परिवार में गर्व का माहौल

उनकी पदोन्नति की सूचना मिलते ही सिलारपुरी गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी और मिठाइयां बांटी गईं। परिजनों ने बताया कि यह पल पूरे परिवार के लिए गौरव और सम्मान का क्षण है। गांव के युवाओं ने भी योगेंद्र सिंह ढाका को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से युवाओं को सेना में जाने की प्रेरणा मिलेगी।

## युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने योगेंद्र सिंह ढाका

ग्रामीणों ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद गांव के बेटे ने देश की सेवा कर यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

# श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना में जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरण सेवा आयोजित

### ब्राह्मण समाज विकास समिति सिंघाना-बुहाना के सहयोग से हुआ सेवा कार्य

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बुहाना।**

श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना में ब्राह्मण समाज विकास समिति सिंघाना-बुहाना के सहयोग से जरूरतमंद, असहाय एवं श्याम भक्तों के लिए गर्म कंबल वितरण सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। कार्यक्रम में समाज के कई प्रतिष्ठित एवं सम्माननीय व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें एडवोकेट नरेश भारद्वाज, प्रधानाचार्य नंदकिशोर शर्मा, रविदत्त वशिष्ठ, मास्टर संतोष कुमार कौशिक (पूर्व प्रधानाचार्य), डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं कृष्ण कुमार जोशी प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## सेवा कार्यों की सराहना, सहयोग का दिया आश्वासन

सभी अतिथियों ने संस्थान द्वारा मानव सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। अतिथियों ने संस्थान की निरंतर सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी संस्थान के साथ जुड़कर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## संस्थान परिवार की सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. संदीप कुमार, केंद्र प्रभारी पिंकी सैनी, सरोज कुमारी, सविता देवी, राजेश सिंह सहित संस्थान के समस्त समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे समर्पण भाव से सेवा कार्य को सफल बनाया।

## भामाशाहों व सहयोगियों का किया आभार

संस्थान निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने इस सेवा कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी भामाशाहों, अतिथियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान 'मानव सेवा ही माधव सेवा है' के संकल्प के साथ निरंतर समाजसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहेगा और आगे भी जरूरतमंदों के लिए इसी प्रकार के सेवा कार्य करता रहेगा।

# चिड़ावा में आज नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

जयपुर के प्रसिद्ध शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर और श्री खुट्टे वाले बालाजी समिति के तत्वावधान में चिड़ावा में एक मेगा नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गुगोजी की ढाणी, हनुमान वाटिका मंदिर, वार्ड नं. 01, चिड़ावा में गुरुवार, 29 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिन्द की जाँच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर नेत्र लैंस प्रत्यारोपण भी किया जाएगा।अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आंखों की गहन जांच करेगी। आयोजकों ने बताया की शिविर में मरीज अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की फोटोकॉपी अवश्य साथ लाएं। रजिस्ट्रेशन शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता राजेश दहिया उपस्थित रहेंगे एवं शिविर के विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता सूरेश भूकर होंगे।आयोजकों ने अपील की है की मोतियाबिन्द से पीड़ित क्षेत्र के सभी मरीज इस शिविर का लाभ उठाएं और अपनी आंखों की नि:शुल्क जांच करवाए। शिविर संबंधी अधिक जानकारी के राजेश गौरीवान से संपर्क कर सकतें हैं।

# राणा सांगा नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में टोहाना के बॉक्सरों का शानदार प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना के लिए गर्व का क्षण है। बाली बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने राणा सांगा नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा सहित देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित बॉक्सरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में टोहाना का प्रतिनिधित्व करते हुए बाली बॉक्सिंग एकेडमी से संजय बॉक्सर और संदीप कंबोज (आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टोहाना) के मार्गदर्शन में खिलाड़ी मैदान में उतरे। प्रतियोगिता के दौरान हर्षदीप, अजय और मनप्रीत ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों



ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और और बेहतर प्रदर्शन की कामना की। टोहाना क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना इलाके के लिए सम्मान की बात है और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी है।

# 132 केवी सब स्टेशन मंडी अटेली में 77 वें गणतंत्र दिवस पर एसडीओ दीपक यादव ने तिरंगा फहराया

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** 132 केवी सब स्टेशन मंडी अटेली में 77वें गणतंत्र दिवस पर निगम के एसडीओं दीपक यादव ने ध्वज फहराया गया। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के इंचार्ज जेई गोविंद राम ने कार्यक्रम में आने वाले सभी का स्वागत अभिनंदन किया। एसडीओं दीपक यादव ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को बाबा साहब अंबेडकर के नेतृत्व में भारत का संविधान लागू हुआ है। भारत के संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता, बंधुत्व, न्याय के लिए कार्य करता है। समारोह में रिटायर्ड जेई बस्तीराम, रिटा एएफएम धर्मबीर, जेई भूप सिंह, सुनिल जेई बावल सहित निगम के सभी बिजली कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीओं दीपक यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी जीएसओं प्रेमपाल, एएलएम विकास, जुगल किशोर पीटीएम, एएलएम फूल सिंह, मनोज



कुमार, सुरेंद्र एएलएम को सम्मानित किया।

# नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीमराना ने 90 वर्षीय चंदगीराम का किया सम्मान, निस्वार्थ सेवा के लिए मिली बधाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी ने सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले 90 वर्षीय चंदगीराम का सम्मान किया।



सिलारपुर निवासी चंदगीराम पिछले 60 वर्षों से लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। उनके पास दूर-दराज के गांव से लोग अपने टूटे हुए हाथ-पैर का इलाज करवाने के लिए आते हैं, और उन्होंने आज तक किसी से भी एक भी पैसा नहीं लिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में चंदगीराम का साफा व माला पहना कर एवं बेंत भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, राजकुमार प्रवक्ता नगर कांग्रेस एवं जिला महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज कोटपूतली बहरोड, सुबेदार धर्मपाल, उदय सिंह, ओमवीर ड्राइवर रोहिताश, भरत सिंह, रामजस, नगर कांग्रेस मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वेद प्रकाश सैनी ने कहा कि चंदगीराम की निस्वार्थ सेवा समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। चंदगीराम ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे आगे भी लोगों की सेवा करते रहेंगे।

# शीशिया में शहीद स्मारक पर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम, विद्यार्थियों को वितरित किए 120 स्कूल बैग

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम शीशिया में अमर शहीद हनुमान सिंह के शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात शहीद परिवार की ओर से कैप्टन रविन्द्र अजाडीवाल एवं डॉ. कपिल




अजाडीवाल द्वारा शहीद हनुमान सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को 120 स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर कैप्टन रविन्द्र अजाडीवाल ने बताया कि विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने की प्रेरणा उन्हें देवकरण शिवरायण एवं कल्याण सिंह शेखावत से मिली। कार्यक्रम के दौरान हरिहर अजाडीवाल, ताराचंद अजाडीवाल, जयदेव झाझडिया, बाबूलाल शेखावत, रामनिवास श्योराण, सुधेश श्योराण, कमलेश अजाडीवाल, विजय अजाडीवाल, मदनलाल जांगिड़ सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने शहीद के आदर्शों पर चलने और भावी पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# डॉ. पी.एल. भालोठिया को ANCIPS 2026 में साइंटिफिक सेशन के चेयरपर्सन बनने का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. पी. एल. भालोठिया को इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी द्वारा एक महत्वपूर्ण सम्मान प्रदान किया गया है। उन्हें ANCIPS 2026 के 77वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, में एक साइंटिफिक सेशन के चेयरपर्सन के रूप में



आमंत्रित किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 28 से 31 जनवरी 2026 तक यशोभूमि (IICC), द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन की थीम 'समाज के मानसिक स्वास्थ्य के लिए मनोचिकित्सा को नई दिशा' रखी गई है, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन समिति द्वारा जारी आमंत्रण में कहा गया है कि डॉ. भालोठिया की विशेषज्ञता, अकादमिक योगदान एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। चेयरपर्सन के रूप में वे वैज्ञानिक सत्रों के संचालन एवं अकादमिक चर्चाओं का मार्गदर्शन करेंगे। डॉ. पी. एल. भालोठिया की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे मानसिक स्वास्थ्य समुदाय के लिए गौरव का विषय है। आयोजन समिति को विश्वास है कि उनके अनुभव और नेतृत्व से सम्मेलन के वैज्ञानिक सत्र और अधिक प्रभावी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे।

# मंडावर गर्ल्स स्कूल में नवीं की छात्राओं को मिली सरकारी साइकिलें

## नि:शुल्क साइकिल योजना से शिक्षा की राह आसान, स्कूल परिसर में उत्साह के साथ हुआ वितरण कार्यक्रम।

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** शहर के गढ़ रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत नवीं कक्षा की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलकी और विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर नवीं कक्षा में

## 23 बालिकाओं के चेहरे खिले



अध्ययनरत कुल 23 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे अब उनके लिए विद्यालय तक आना-जाना और अधिक सहज व सुरक्षित हो सकेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएमसी कमेटी के सदस्य एवं मंडावर भाजपा मंडल महामंत्री सोनू वशिष्ठ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बेटियों को आत्मनिर्भर, सशक्त और सम्मानजनक भविष्य की ओर ले जाती है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों की पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस अवसर पर मंडावर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नेमीचंद पहाड़िया ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के लिए यह पहल मील का पत्थर साबित हो रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रवीणलता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निशुल्क साइकिल मिलने से छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह और आत्मविश्वास मजबूत होगा। कार्यक्रम में एसडीएमसी महिला सदस्य स्नेहलता झालानी सहित प्रधानाचार्य प्रवीणलता मीना, शारीरिक शिक्षिका ममता शर्मा, सोनम कँवर, मिथलेश गर्ग, बनवारीलाल मीना, हरेन्द्र कुमार, हरिराम चौधरी, ऋषिराज मीना, मोहनलाल मीना, अशोक शर्मा,कुंता सैनी, निरमा देवी, हिना प्रजापत आदि सहित साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने में मंगल मुखी समाज देगा सहयोगः अनुराग ढालिया

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मंगल मुखी समाज के साथ समन्वय बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा** । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला फतेहाबाद में बुधवार को कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में मंगल मुखी समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यवाहक उपायुक्त ने मंगलमुखी समाज से आह्वान किया कि वे जिले में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए। बैठक के दौरान कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने मंगलमुखी समाज से यह भी आह्वान किया कि वे जिले के सभी ब्लॉकों में किन्नर समुदाय के प्रतिनिधियों से तालमेल स्थापित करें ताकि इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी ने बताया कि जिले में बेटियों को समाज में सम्मान दिलाने की दिशा में विभाग द्वारा मंगलमुखी समाज के सहयोग से आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत जारी प्रमाण पत्र लाभार्थियों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही जिन परिवारों में बेटी का जन्म होगा, वहां मंगलमुखी समाज के सदस्य पहुंचकर बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएंगे तथा परिवार से किसी भी प्रकार की राशि की मांग नहीं की जाएगी। मंगलमुखी समाज की ओर से महंत सत्यम देवी ने कहा कि समाज जिला में बेटियों की रक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी पारंपरिक रूढ़ियों को तोड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म पर मंगलमुखी समाज परिवार से बधाई नहीं लेगा, बल्कि स्वयं अपनी ओर से बेटी को शगुन देकर बेटी जन्मोत्सव मनाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र, मिशन शक्ति जिला समन्वयक आशीष सरोए तथा मंगलमुखी समाज से रीतु, नेहा, नंदिनी एवं मनीषा उपस्थित रहीं।

# सीमांत अंचल को मिली ऐतिहासिक सौगात-मुख्यमंत्री थार बीएडीपी योजना में सांचू सीमा सड़क हेतु 3 करोड़ रुपये स्वीकृत

## विधायक अंशुमान सिंह भाटी के प्रयास लाए रंग

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार** । सीमांत एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र बीएडीपी योजना (वर्ष 2025-26) के तहत कोलायत विधानसभा क्षेत्र की बज्जू खालसा पंचायत समिति में राववाला फांटा से सांचू वाया अखूसर तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी एवं 5.50 मीटर चौड़ी नवीन पक्की सड़क के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। श्रीकोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने इस स्वीकृति को सीमांत अंचल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न केवल भौगोलिक रूप से अत्यंत दुर्गम है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यधिक संवेदनशील एवं रणनीतिक महत्व रखता है। इसके बावजूद वर्षों से यहां आधारभूत ढांचे का अभाव रहा है। विधायक भाटी ने बताया कि सांचू वाया अखूसर संपर्क सड़क, जो सीधे अंतर्राष्ट्रीय सीमा चौकी सांचू को जोड़ती है, का अधिकांश निर्माण वर्ष 1995 में हुआ था। बीते लगभग तीन दशकों में किसी प्रकार का नवीनीकरण नहीं होने के कारण यह सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त एवं नॉन-पेचेबल हो चुकी थी, जिससे स्थानीय ग्रामीणों, पर्यटकों एवं सुरक्षा बलों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक भाटी ने बताया कि वर्तमान स्वीकृति से पूर्व भी उन्होंने सीमांत क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देते हुए 7 एएम अखूसर से सांचू पोस्ट व सांचू माताजी मंदिर तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति पूर्व में दिलवाई थी, जिसका निर्माण कार्य मौके पर तीव्र गति से प्रगति पर है एवं शीघ्र पूर्णता की ओर अग्रसर है। वर्तमान में स्वीकृत राववाला फांटा से सांचू वाया अखूसर लगभग 6 किलोमीटर सड़क के निर्माण के पश्चात कुल लगभग 10 किलोमीटर की सतत सड़क कनेक्टिविटी पूर्ण हो जाएगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र तक आवागमन निर्बाध, सुरक्षित एवं सुदृढ़ होगा।

विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि सांचू पोस्ट सीमावर्ती क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। सीमा सुरक्षा बल द्वारा इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने के पश्चात प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय सीमा दर्शन हेतु यहां पहुंच रहे हैं, किंतु सड़क की जर्जर स्थिति के कारण वर्षों से आमजन, पर्यटकों एवं सुरक्षा बलों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र बीएडीपी योजना सीमावर्ती एवं सुदूर मरुस्थलीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। कोलायत विधानसभा के सीमांत अंचलों को इस योजना से जोड़ने हेतु हमने निरंतर प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप राववाला फांटा से सांचू वाया अखूसर सड़क निर्माण की स्वीकृति संभव हो सकी। यह क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटा होने के कारण सामरिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सड़क के निर्माण से न केवल सीमा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। सीमांत क्षेत्र की जनता की ओर से इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विधायक भाटी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री का सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण और विकास के प्रति दृढ़ संकल्प आने वाले समय में इस पूरे अंचल की तस्वीर बदलने वाला है। विधायक भाटी ने कहा कि वे सीमांत क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत रहेंगे तथा कोलायत विधानसभा को विकास की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# भारत के स्व. को पहचाने हिन्दू समाज; हमारी वेशभूषा, भाषा, भोजन व संस्कृति हमारे लिए गर्व का विषय- सह प्रांत प्रचारक विशाल कुमार

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



स्थानीय लावरेश्वर महादेव मंदिर के समक्ष स्थित प्रांगण में मंशा माता बस्ती का भव्य कलश यात्रा के साथ हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में बस्ती की मातृशक्ति एव गणमान्य पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए मंशा माता बस्ती के श्रीकांत पंसारी एव उमाशंकर महमिया ने बताया कि बुधवार प्रातः 11:15 बजे लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर से पाँच सौ से अधिक महिलाओ ने डीजे के साथ भजनों व देश भक्ति गीतों पर झूमते गाते कलश उठाए। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ चंचलनाथ टीला पीठाधीश्वर ओम नाथ महाराज के सान्निध्य में और सह प्रांत प्रचारक विशाल के आतिथ्य में हुआ। कलश यात्रा डीजे, घोड़ी व देश भक्ति के नारो के साथ लावरेश्वर महादेव मंदिर से रानीशक्ति रोड, चूना चौक, खेतानों का मोहल्ला, तुलस्यानो का मोहल्ला, श्री श्याम मंदिर, चौमालो की कुटिया, पुजारियों का मोहल्ला, दादा बाड़ी, बाल्मीकि बस्ती, पुराना पोस्ट ऑफिस होते हुए लावरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह जगह बस्ती वासियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए सह प्रांत प्रचारक विशाल ने कहा कि झुंझुनू शहर की 18 बस्तियों मे हिंदू सम्मेलन होने वाले हैं और इसी प्रकार पूरे भारत मे 1 लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन होंगे, विशाल कुमार ने बताया की प्रत्येक भारतवासी हिन्दू समाज का व्यक्ति भारत के स्व को पहचाने। हमारी वेशभूषा,भाषा, भोजन व संस्कृति हमारे लिए गर्व का विषय है। प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य और निष्ठा से अनुशासन का पालन करे उसी से भारत बेहतर बनेगा।सामूहिक परिवार, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, स्व का बोध आदि कर्तव्यों को हिंदू समाज आगे बढ़कर अपनाए। हर व्यक्ति स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए । स्वदेशी जीवनशैली भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज बनेगी। उन्होंने जातीय भेदभाव पर चिंता जताई और कहा कि जातिभेद हिन्दू धर्म का भाग नहीं है ये बाद में आयी हुई परिस्थितिजन्य बुराई है। हिन्दू समाज में जाति मात्र एक सामाजिक व्यवस्था है यह किसी से दुर्व्यवहार का आधार नहीं हो सकती। इस बुराई को दूर भगाना प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है। हिन्दू जीवन पद्धति से प्रकृति का संवर्धन और संरक्षण संभव है । हिन्दू समाज को अपने पूर्वजों के मार्ग पर लौटने की आवश्यकता है। हिन्दू समाज के स्व अनुशासन एवं एकता से ही निकलेगा 'कृण्वन्तो विश्वार्यम' का मार्ग। इस अवसर पर विभाग प्रचारक मुकेश कुमार, सुभाष क्यामसरिया, राकेश सहल, प्रवीण स्वामी, पार्षद संदीप चांवरिया, अनिल जोशी, लीलाधर पुरोहित, गोपाल पुजारी, एडवोकेट बाबुलाल, बाबुलाल कुमावत, आशीष कुमावत, ममता जालान, विनोद, गोयंका, सुरेश पुरोहित, सचिन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा सहित बड़ी संख्या में बस्ती के गणमान्य नागरिक एव मातृशक्ति उपस्थित रहें।

# दिग्गज नेता दिनेश जोशी के 63वें जन्मदिवस पर होगा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

## 30 जनवरी को मोहन गार्डन में समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता करेंगे आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज नेता एवं शेखावाटी अंचल में सियासत में सेवा के लिए पहचाने जाने वाले दिनेश जोशी के 63वें जन्मदिवस के अवसर पर 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक मोहन गार्डन में समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा शिविर के दौरान बड़ी संख्या में जोशी के समर्थक रक्तदान करेंगे वहीं जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए भाजपा नेताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों शिक्षण संस्थानों एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे रक्त संग्रहण के लिए आयोजन समिति की ओर से विशेष मेडिकल टीमों को आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनेश जोशी के नाम लक्ष्मणगढ़ पालिका के इतिहास में सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने का रिकॉर्ड दर्ज है साथ ही वे सबसे पहले ऐसे व्यक्ति रहे हैं जिन्होंने सबसे अधिक समय तक पालिकाध्यक्ष पद पर रहते हुए शहर के विकास कार्यों को गति दी एक दर्जन से अधिक शहरी सरकार पंचायती राज एवं



विधानसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड भी जोशी के नाम दर्ज है

### पंचायती राज और शहरी सरकार दोनों का किया प्रतिनिधित्व

लक्ष्मणगढ़ के सियासी इतिहास में दिनेश जोशी ऐसे पहले नेता हैं जिन्होंने पंचायती राज और शहरी सरकार दोनों का प्रतिनिधित्व करने का कीर्तिमान स्थापित किया है प्रदेश की राजनीति में ऐसे उदाहरण बहुत कम देखने को मिलते हैं जहां किसी नेता ने इतने विविध स्तरों पर जनप्रतिनिधित्व किया हो

### हर वर्ग से सीधा जुड़ाव और मजबूत जनाधार

दिनेश जोशी युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं और उनका जुड़ाव हर उम्र जाति और वर्ग से सीधा रहा है दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सेवा को प्राथमिकता देने वाले जोशी को क्षेत्र का मजबूत जनाधार वाला नेता माना जाता है जिन्होंने समय समय पर अपने समर्थन को चुनावों और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से साबित किया है

### राजनीतिक संघर्ष और उपलब्धियों की मिसाल

विधानसभा का पहला चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मात्र 34 मतों से हारना फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में पालिका अध्यक्ष बनना तथा ग्रामीण अंचल से पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीतना उनकी राजनीतिक संघर्ष गाथा की बड़ी उपलब्धियां मानी जाती हैं जो प्रदेश की राजनीति में बिरले ही नेताओं ने हासिल की हैं।

# रेगिस्तान के 'जहाज' ऊंट सहित पशुधन को प्रासंगिक बनाने के लिए वैज्ञानिक मिलकर तैयार करें रोडमैप- शिवराज सिंह चौहान

## 'आत्मनिर्भर भारत' की तर्ज पर 'आत्मनिर्भर थार' बनाने का संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जिस तरह देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है, उसी प्रकार अब 'आत्मनिर्भर थार' बनाने के लिए भी पूरी ताकत से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊंट, घोड़े, भेड़ सहित पारंपरिक पशुधन को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए आईसीएआर के सभी वैज्ञानिक मिलकर ठोस रोडमैप तैयार करें, ताकि इन पशुओं के अस्तित्व को सुरक्षित किया जा सके। केन्द्रीय कृषि मंत्री बुधवार देर शाम राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र (एनआरसीसी), बीकानेर पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री भी उपस्थित रहे। तीनों मंत्रियों ने ऊंट गाड़ी की सवारी की तथा ऊंट फार्म का अवलोकन कर अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी ली।




### सम्मान के साथ हुआ स्वागत

तीनों केंद्रीय मंत्रियों का एनआरसीसी के वैज्ञानिकों द्वारा साफा पहनाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राजुवास के कुलगुरु प्रो. सुमंत व्यास, एसकेआरएयू के कुलगुरु राजेंद्र बाबू दुबे, एनआरसीसी के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनियां, एनआरसीई हिसार के डॉ. टी.के. भट्टाचार्य, काजरी जोधपुर के निदेशक डॉ. एस.पी.एस. तंवर, सीआईएएच के निदेशक डॉ. जगदीश राणे सहित अनेक वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### एक माह में फिर करेंगे समीक्षा बैठक

श्री चौहान ने कहा कि वे लगभग एक माह बाद पुनः बीकानेर आएंगे और वैज्ञानिकों के साथ इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा कर तैयार किए गए रोडमैप की समीक्षा करेंगे, ताकि योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके। इससे पूर्व आईसीएआर के डायरेक्टर प्रो. एम.एल. जाट ने कहा कि यदि जिले में स्थित आईसीएआर के सभी सातों संस्थान एक टीम के रूप में कार्य करें, तो थार क्षेत्र में खुशहाली लाई जा सकती है और कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं।

### पर्यटन, स्वास्थ्य व परिवहन से जोड़ा जाए पशुधन

एनआरसीसी के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले में स्थित आईसीएआर के सभी सात संस्थानों के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि पहले युद्ध ऊंट, घोड़ों और हाथियों से लड़े जाते थे, लेकिन अब उनका स्थान आधुनिक तकनीक और ड्रोन ने ले लिया है, जिससे इन पशुओं के अस्तित्व पर संकट आ गया है। ऐसे में अब जरूरी है कि इन्हें पर्यटन, स्वास्थ्य, परिवहन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर प्रासंगिक बनाया जाए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि खेती को भी इस प्रकार विकसित किया जाए कि वह स्थानीय जलवायु, मिट्टी और जल संसाधनों के अनुरूप हो, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर गुणवत्ता और अधिक उत्पादन मिल सके। उन्होंने औषधीय खेती को लेकर भी व्यापक शोध की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सही दिशा में रिसर्च हो जाए तो यह क्षेत्र आर्थिक रूप से क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

# शहीद सोहन लाल यादव स्कूल झाड़ली के शिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित

## पदीय कर्तव्यों के उत्कृष्ट निर्वहन पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर ने किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.श्रीमाधोपुर।**

शहीद सोहन लाल यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़ली में अध्यापक लेवल फर्स्ट के पद पर कार्यरत एवं अभावास निवासी कैलाश चंद्र शर्मा को उनके पदीय कर्तव्यों के सफल एवं निष्ठापूर्ण निर्वहन के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में शर्मा की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका और विद्यालय के शैक्षिक व सह शैक्षिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया गया। शिक्षण कार्य के साथ साथ कैलाश चंद्र शर्मा गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण तथा संगीत के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं वे सार्वजनिक जीवन में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज को




सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं जिससे वे विद्यार्थियों और आमजन दोनों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं उनके सम्मानित होने पर विद्यालय स्टाफ विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल रहा सभी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इस सम्मान से अन्य शिक्षकों को भी कर्तव्यनिष्ठा और समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# हेरोइन तस्करी मामले में टोहाना पुलिस की बड़ी कार्यवाहीः मुख्य सप्लायर 'कुलदीप उर्फ मंगू' गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन,आईपीएस के नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए, थाना शहर टोहाना पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) तस्करी के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया की 2 जनवरी 2026 को अपराध अनुसंधान शाखा (CIA) टोहाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोर्ट रोड, रजबाहा पुल के पास से विजय पुत्र सुखदेव सिंह को 6.64 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में मुकदमा नंबर 05, धारा 21B/61/85 NDPS ACT के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब इसी मामले में 'हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क की जांच करते हुए पुलिस ने मुख्य सप्लायर कुलदीप उर्फ मंगू पुत्र प्रेम चंद (निवासी वार्ड नं. 3, माता वाली गली, टोहाना) को गिरफ्तार कर लिया है। । फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।'

### नशे के खिलाफ पुलिस का कड़ा रुखः

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल नशा बेचने वालों पर ही नहीं, बल्कि उन्हें पीछे से माल सप्लाई करने वाले 'सप्लायरों' पर भी पुलिस की पैनी नज़र है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं पर हुई चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



जिले में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को फायदा हो इसके लिए संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं व कार्यक्रमों से ग्रामीणों को अवगत करवाए ओर पात्रता के अनुरूप उन्हें लाभांवित करें। जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बुधवार को कलेक्टेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों एवं पशुपालकों को केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उठाने के उद्देश्य से प्रत्येक गिरदावर वृत पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किए जा रहे है। जिला कलक्टर ने बैठक में जिले की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यो को भी नियमानुसार त्वरित गति से पूर्ण करने के प्रयास की बात कही। जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान चिकित्सा, सड़क सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वकील आज से करेंगे कार्य बहिष्कार एवं भूख हड़ताल

# गुढागौडज़ी तहसील को वापस उदयपुरवाटी उपखंड जोडने़ की मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा** । विधानसभा की गुढागौडज़ी तहसील को झुंझुनूं एसडीएम कार्यालय से हटाकर वापस उदयपुरवाटी उपखंड से जोडने़ की मांग को लेकर उदयपुरवाटी बारसंघ ने कार्य बहिष्कार करके भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। बारसंघ अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण सैनी की अध्यक्षता में हुई बार संघ की बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक गुढागौडज़ी तहसील को वापस उदयपुरवाटी उपखंड से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक संपूर्ण कार्य बहिस्कार और भूख हड़ताल जारी रहेगी। मांग को लेकर बारसंघ अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण सैनी और एडवोकेट हनुमान सिंह गुर्जर भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उनके साथ क्रमिक अनशन पर एडवोकेट राकेश सैनी, एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत, एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी बैठेंगे। आपको बदा दे कि नीमकाथाना जिला बनने पर उदयपुरवाटी उपखंड के दो टुकड़े कर दिए गए थे। जिसमें उदयपुरवाटी तहसील को नीमकाथाना जिले में जोड़ा गया था तो उदयपुरवाटी उपखंड की गुढागौडज़ी तहसील को झुंझुनूं उपखंड से जोड़ दिया गया था। लेकिन बाद में प्रदेश में आई भाजपा की सरकार ने नए बनाए गए कुछ जिलों को निरस्त करके पूर्व ही स्थित बहाल कर दी गई थी। इस दौरान नीमकाथाना जिले को भी निरस्त दिया था। लेकिन जिला निरस्त होने के



बावजूद गुढागौडज़ी तहसील को आज तक वापस उदयपुरवाटी उपखंड कार्यालय से नहीं जोड़ा गया है। इससे संबंध लोगों की ओर से कई ज्ञापन दिए गए। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर उदयपुरवाटी बारसंघ ने कार्य बहिष्कार और भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। इस दौरान एडवोकेट शिवकरण सैनी, एडवोकेट मेघराज सैनी, एडवोकेट मुनेश तसीड़, एडवोकेट बृज मोहन सैनी, एडवोकेट रमेश सैनी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

# जज मंडावर रेलवे स्टेशन पर रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य रोशनलाल मीना ने किया निरीक्षण

## हल्की बारिश में टपकती छतें और मिली घटिया ईंटों पर उठाये सवाल

### करोड़ों के निर्माण कार्य में मिली गंभीर खामियां

भीम प्रज्ञा न्यूज

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन पर दतिया-बांदीकुई दोहरीकरण परियोजना के तहत चल रहे





करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर बुधवार को गंभीर सवाल खड़े हो गए। रेल उपयोगकर्ता



परामर्शदात्री समिति (आगरा मंडल) के सदस्य एवं मंडावर निवासी रोशनलाल मीना ने शहर के आमजन के साथ स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों ने रेलवे प्रशासन की निगरानी व्यवस्था और निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर सीधा प्रश्नचिन्ह लगा दिया। रेलवे प्रशासन आगरा मंडल की ओर से लाइन दोहरीकरण योजना के तहत मंडावर रेलवे स्टेशन पर नई स्टेशन बिल्डिंग सहित अन्य निर्माण कार्य गुजरात की एक बड़ी निजी कंपनी को टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से सौंपे गए हैं। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में लगी हाई मास्क लाइटें लंबे समय से खराब पाई गईं, जिसे अब तक दुरुस्त नहीं कराया गया है। अमृत भारत योजना के तहत किए गए सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान बने नालों पर किए गए पटाव के ऊपर भारी गंदगी जमी हुई मिली, जिससे साफ-सफाई व्यवस्था की हकीकत भी सामने आ गई। वहीं प्लेटफार्म पर अस्थायी रूप से बनाए गए दिव्यांग शौचालयों पर लंबे समय से ताले लगे मिले, जिससे यात्रियों के लिए बनाई गई यह सुविधा केवल नाम मात्र की रह गई है। मंडावर स्टेशन पर रेलवे लाइन दोहरीकरण योजना के तहत बन रही नई इमारत का निरीक्षण करने पर स्थिति और भी चिंताजनक नजर आई। जहाँ हल्की बारिश के बाद ही निर्माणाधीन इमारत की छतों पर कई स्थानों पर सीलन दिखाई दी। वहीं नए स्थापित किए जा रहे रिले रूम के हॉल में छत के रास्ते भारी मात्रा में बारिश का पानी अंदर आने के स्पष्ट प्रमाण मिले, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर रखी गई ईंटों को देखने पर उनकी गुणवत्ता भी बेहद घटिया पाई गई। इस पर रोशनलाल मीना ने बताया कि रेलवे प्रशासन के मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य में प्रथम श्रेणी की ईंटों का उपयोग किया जाना चाहिए, जबकि यहां संभवतः तीसरी श्रेणी की हल्की और कमजोर ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो भविष्य में भवन की मजबूती और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन पर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यदि भविष्य में इस भवन से जुड़ी कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी तय करना सबसे बड़ा सवाल होगा। आमजन का भी कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग, हल्की बारिश में ही सीलन और पानी का रिसाव, रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के बीच संभावित मिलीभगत की ओर इशारा करता है। रोशनलाल मीना ने बताया कि वे आगरा मंडल की दसवीं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य हैं और आगामी 30 जनवरी को गोवर्धन सभा भवन, मंडल रेल प्रबंधक परिसर, आगरा छावनी में होने वाली समिति की द्वितीय बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में वे मंडावर-महवा रोड स्टेशन के निरीक्षण के दौरान सामने आई सभी कमियों को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और मापदंडों से किसी भी प्रकार का समझौता आमजन के हित में किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। रेलवे ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और जब तक इस पद पर रहेंगे, आमजन की सुरक्षा से जुड़े ऐसे मुद्दों को लगातार उठाते रहेंगे।

#### इनका कहना है?

मामला तकनीकी विभाग से जुड़ा हुआ बताते हुए किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचते हुए पल्ला झाड़ लिया।

**(विशम्भर दयाल मीना, स्टेशन अधीक्षक, मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन)**

यदि किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे नियमानुसार दुरुस्त कराया जाएगा।

**(रामचंद्र वर्मा, एक्सईएन, रेलवे)**

अगर किसी प्रकार की कमियां सामने आएंगी तो उन्हें सुधारने की कार्रवाई की जाएगी।

**(आशीष वर्मा, आईओडब्ल्यू (कंस्ट्रक्शन)**

संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच कराई जाएगी।

**(प्रशस्ति श्रीवास्तव, परिचालन प्रबंधक एवं जनसम्पर्क अधिकारी, आगरा मंडल)**

वहीं आगरा मंडल के डीआरएम गगन गोयल से भी संपर्क साधने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## डॉ. आकांक्षा सैनी (गौड़) सम्मानित, चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिला गौरव

### बीडीके अस्पताल झुंझुनू की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ है डॉ. आकांक्षा सैनी (गौड़)

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

77वें गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अपना अतुलनीय योगदान देने के लिए बीडीके अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा सैनी (गौड़) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉ. आकांक्षा को यह सम्मान उनके द्वारा अस्पताल में दी गई उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, समर्पण भाव और प्रसूति रोग के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. आकांक्षा की इस उपलब्धि पर अस्पताल स्टाफ, उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। लोग




उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई संदेश भेज रहे हैं। इस अवसर डॉ. आकांक्षा सैनी के चाहने वालों ने बधाई प्रेषित कर कहा कि आपकी मेहनत और सेवाभाव ने आज झुंझुनूं का मान बढ़ाया है।

## मिठवास में विराट हिंदू सम्मेलन तैयारियों को लेकर हुई बैठक

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** आगामी 8 फरवरी को मंडावा में गणेश मंदिर में होने वाले प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन के संबंध में मिठवास ग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व हिंदू समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में सम्मेलन के उद्देश्य, समाज को संगठित करने की आवश्यकता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने सम्मेलन को भव्य एवं अनुशासित रूप से संपन्न कराने हेतु प्रचार-प्रसार, व्यवस्थाओं एवं जनसंपर्क की जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपीं।ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया तथा विराट हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर शारदा देवी मेघवाल, आनी देवी मेघवाल, पूजा मेघवाल, तणाराम मेघवाल, भानु



मेघवाल, सुभाष ढाका, भागचंद मेघवाल, दयाचंद, देवकरण ढाका, योगेश, भंवरलाल, कुलवीर, उमीद ढाका, भोला सिंह, सज्जन लाल शर्मा, विद्याधर सैनी, सीताराम सैनी, मुकेश बागड़ी, जितेंद्र सुरोलिया, विमल सोनी, मुकेश मेघवाल, हरिसिंह राहड, किशोरीमल पूनिया, तेजकरण ढाका, जुझाराम ढाका, चुन्नी लाल ढाका, जीवन राम काला जम्भालाल सुनिया,हुंताराम ढाका, प्यारेलाल कालेर,भगवान सिगड़, मूलचंद ढाका, जय करण ढाका, सुरजाराम रहाड, गुलाराम सोंहू, मुकेश गढ़वाल, भंवरलाल सुनिया, राजेन्द्र सोहु, सुरेश ढारा, गिरधारी ढाका,रा केश पूनिया,बृजलाल ढाका, धर्मपाल ढाका सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान की बैठक संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** देश के आरक्षित वर्ग के हितों के लिए संगठन के लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद जयपुर के झालाना स्थित अंबेडकरआगे आना पड़ेगा प्रवीण मांगरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद जयपुर के झालाना स्थित अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के सभागार में आयोजित राजस्थान प्रदेश राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की मीटिंग में प्रदेश पदाधिकारीयो को संबोधित करते हुए यह बात राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान के अध्यक्ष जगदीश मीणा ने कहा कि संगठन के सभी साथी पूरे प्रदेश में एकजुट होकर संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण की रक्षा के लिए अभियान चला कर कार्य कर रहे हैं समस्त 41 जिलों में संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार कर लिया गया है एवं आने वाले वक्त में देश एवं प्रदेश की सरकारों से जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिलवाने का मांग पत्र दिया जाएगा



देश एवं प्रदेश की सरकार द्वारा बैकलॉग में खाली सीटों को भरवाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री देवी लाल बेरवा ने किया। दीपाली वर्मा ने स्वागत भाषण किया एवं प्रदेश सचिव हनुमान सहाय मीणा ने धन्यवाद भाषण किया। केडी बैरवा ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार महिलाओं के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही हैं।? इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वैलफेयर सोसाइटी जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतवीर सिंह का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस दौरान भंवर मेघवंशी, परिषद के जयपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, समाजसेवी मोहनलाल, गोपाल लाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सिंघाना में सुरक्षा व रोशनी की मांग, नगर कांग्रेस ने नगर पालिका को दिया ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।

नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना ने नगर पालिका क्षेत्र में व्याप्त अंधेरे, असुरक्षा एवं बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल (डी.पी. सैनी) के नेतृत्व में नगर पालिका सिंघाना को ज्ञापन सौंपा गया। अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन अधिशासी अधिकारी के प्रतिनिधि अकाउंटेंट विजय सैनी को सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण रात्रि के समय आमजन, विशेषकर महिलाएं एवं बुजुर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में हाई मास्क लाइट के अभाव से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों एवं बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना अत्यंत आवश्यक है।

ज्ञापन में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या का भी उल्लेख करते हुए उनके नियंत्रण हेतु शीघ्र ठोस कार्रवाई




की मांग की गई। नगर कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डी पी सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, उपाध्यक्ष लकी शर्मा, इक़बाल खान, संगठन महामंत्री प्रशांत अग्रवाल, महासचिव राजेश कुमार मीणा, रवि मीणा, प्रवक्ता सियाराम शर्मा, सचिव अशोक कुमार सैनी, सुरेश कुमार, संदीप कुमावत, तुलसी सैनी ढाणा, सुनील ई मित्र, अशोक कुमार, आकाश, मोनु सैनी, हिमांशु, रमेश कुमार, राजू, विक्रम सिंह ,रणजीत, सुभाष मीणा, अमन, दिनेश, राजकुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## 25वीं बार रक्तदान कर फायर ऑफिसर रोहिताश्व कुमार ने निभाई मानवता की मिसाल

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लाखेरी।

**विष्णु प्रसाद बैरवा ।** रक्तदान के क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश करते हुए फायर ऑफिसर रोहिताश्व कुमार ने 25वीं बार रक्तदान कर एक जरूरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बूंदी निवासी बनवारी लाल को अचानक AB+ रक्त की आवश्यकता होने पर परिजनों द्वारा उन्हें जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों को रक्त की गंभीर आवश्यकता की जानकारी मिलने पर उनके रिश्तेदार रामशंकर बरोदिया , अध्यक्ष अंबेडकर कल्याण परिषद, लाखेरी ने इस संबंध में अमर सिंह बैरवा, जिला सभाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर, जिला बूंदी को सूचित किया। सूचना मिलते ही अमर सिंह बैरवा ने तुरंत फायर ऑफिसर रोहिताश्व कुमार से संपर्क किया। मानव सेवा की भावना से प्रेरित



होकर रोहिताश्व कुमार अपने गांव डाबर, तहसील बामनवास, जिला सवाई माधोपुर से तुरंत जयपुर पहुंचे और रक्तदान किया। इस अवसर पर एक यूनिट रक्तदान 5 वी बार अंकित कुमार, निवासी ग्राम लालसोट, जिला दौसा द्वारा भी किया गया,जिससे मरीज को समय पर आवश्यक रक्त उपलब्ध हो सका। रक्तदान के इस सराहनीय कार्य पर मरीज के परिजनों एवं सामाजिक संगठनों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। रोहिताश्व कुमार का 25वीं बार रक्तदान करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है और युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आने का संदेश देता है। रक्तदान महादान है – समय पर किया गया रक्तदान किसी के लिए जीवनदान बन सकता है।

## टोहाना पुलिस की सक्रिय पैदल गश्तः चौंकी चण्डीगढ रोड़ टोहाना क्षेत्र राजनगर में सुरक्षा बढ़ाई

### स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और नशे के खिलाफ लगातार निगरानी अभियान

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**जत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में पुलिस चौकी चण्डीगढ रोड टोहाना के क्षेत्र राजनगर में पैदल गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान नागरिक सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण बढ़ाने के उद्देश्य से नियमित रूप से किया जा रहा है। पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक औमप्रकाश ने बताया कि गश्त अभियान के दौरान इलाके के गलियों, प्रमुख चौक और संवेदनशील स्थानों का दौरा किया गया। पैदल गश्त के माध्यम से न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई, बल्कि स्थानीय नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया गया। उपनिरीक्षक औमप्रकाश ने बताया कि अभियान में चौकी स्टाफ ने लोगों से संवाद कर उनके सुरक्षा संबंधी सुझाव और शिकायतें भी सुनीं। इससे नागरिकों और पुलिस के बीच भरोसेमंद संबंध बनाने में मदद मिली।



अभियान के दौरान किसी असामान्य गतिविधि का पता नहीं चला, लेकिन निगरानी जारी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पैदल गश्त अभियान सुरक्षा और पुलिस की दृश्य उपस्थिति दोनों के लिए अहम है। इससे अपराध की संभावना कम होती है और नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ता है। फतेहाबाद पुलिस इस प्रकार के पैदल गश्त अभियानों को लगातार जारी रखकर हर क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है और नागरिकों के साथ संवाद को प्राथमिकता देती है।

## मीणा समाज तहसील कमेटी की बैठक 1 फरवरी को अजीतगढ़ में

### सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान समेत अनेक मुद्दों पर होगी चर्चा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.अजीतगढ़।

**सुमेर मीणा ।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ तहसील श्रीमाधोपुर की मासिक बैठक एक फरवरी को अजीतगढ़ में आयोजित होगी। जिसमें सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। तहसील सचिव सुभाष चंद्र मीणा ने बताया कि 1 फरवरी को अजीतगढ़ के श्रीमाधोपुर रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में सुबह 10.30 बजे बैठक आयोजित होगी। बैठक में पूर्व में प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण पर चर्चा, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान पर चर्चा एवं अन्य प्रस्ताव अध्यदक्ष की अनुमति से शामिल होंगे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के रथ को किया ब्लॉक से रवाना

भीम प्रज्ञा न्यूज़ लक्ष्मणगढ़।

मुख्य ब्लॉक शिक्षाअधिकारी विधाधर शर्मा ने ब्लॉक समन्वयक रणवीर सिंह गढवाल व संदर्भ व्यक्ति सुरेश भास्कर की उपस्थिति मे विभिन्न क्षेत्रों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर युसीईओ शिवभगवान गोरा ने रथ का स्वागत किया व जहांगीर खान के नेतृत्व मे रैली का आयोजन किया गया ।वहीं विभिन्न पंचायतो के दर्जनों गावों मे जागरूकता हेतु समन्वयक रणवीर गढवाल ने रथ के साथ रह कर असाक्षरों को प्रेरित किया ।




## 42वीं बार किया पंकज कस्वां ने रक्तदान

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।

समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए कुमास जाटान निवासी पंकज कस्वाँ ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर कल्याण हॉस्पिटल ब्लड बैंक सीकर में शांति देवी पेशेंट के लिए 42वीं बार रक्तदान किया। पंकज कुमार लंबे समय से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय हैं और निरंतर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करते आ रहे हैं। इस अवसर पर सीनियर लैब टेक्नीशियन सतेंद्र कूड़ी, नरेन्द्र बाजिया, मनोज गोरा, अशोक महरिया सहित अन्य स्टाफ व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अस्पताल प्रशासन की ओर से रक्तदाता का आभार व्यक्त किया गया तथा आमजन से भी नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की गई।



मंडावा पुलिस का सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष चैकिंग अभियान

## वाहन चालको को समझाईस कर यातायात नियमो पालना को लेकर किया जागरूक

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्थान सरकार ओर राज्य पुलिस द्वारा सड़क दुर्धटनाओ को पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा सुरक्षा सड़क अभियान को लेकर बुधवार को मंडावा पुलिस ने मुकुन्दगढ़ रोड पर पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी कर वाहनो की जॉच करते हुए दर्जनो चालान काटें। हेड कास्टेबल सुरेश कुमार ने बताया कि मुकुन्दगढ़ रोड़ पर पेटोल पंप के पास नाकाबंदी कर वाहनो की जॉच करते हुए फोर व्हीलर को सीट बेल्ट ओर दुपहिया वाहनो को हेलमेट लगाने को लेकर समझाईस कर यातायात नियमो की पालना को लेकर जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि कुछ लोगो ने लियमो का पालना नही करने पर पुलिस ने सख्ती बरतते हुए दर्जनो चालान काटे।




## राधा कृष्ण मंदिर में प्रथम पाटोत्सव 30 से

भीम प्रज्ञा न्यूज़.पलसाना।

**पवन कुमार शर्मा ।** निकटवर्ती ग्राम सुंदरपुरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रथम पाटोत्सव 30 जनवरी से शुरू होगा। पंडित केदारनाथ शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 10:15 बजे विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा प्रारंभ होगी। 31 जनवरी शनिवार दोपहर 12:15 बजे महास्नान एवं श्रृंगार के बाद महा आरती एवं भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजस्व मंडल अजमेर के सदस्य भवानी सिंह आर ए एस एवं बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी मुंबई के नंदकिशोर सैनी होंगें। राधा कृष्ण मंदिर, गंगा मंदिर एवं हनुमान मंदिर पाटोत्सव को लेकर मालावत परिवार सुंदरपुरा के द्वारा पूर्व तैयारियां जोरों पर है।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यवीर सिंह का किया सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।

जयपुर शहर के झालाना में स्थित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वैलफेयर सोसाइटी जयपुर परिसर में बलाई विकास समिति जयपुर ( मुख्यालय - चौमूं ) के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वैलफेयर सोसाइटी जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यवीर सिंह का माला, साफा बांधकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया।





## कंटेंट से समझौता नहीं, हिट फिल्में रिस्क लेने की ताकत देती हैं

**आयुष्मान खुराना ने खुद को कंटेंट ड्रिवन स्टार के रूप में स्थापित किया है। उनसे सफलता के गणित और आने वाली फिल्मों पर हुई बातचीत...**

**आपकी फिल्मों का स्ट्राइक रेट इंडस्ट्री में बेहतरीन माना जाता है। इसका राज क्या है?**


इसे किसी एक वजह तक सीमित नहीं किया जा सकता। सबसे अहम है स्क्रिप्ट, वही नींव है। कमजोर कहानी को कोई स्टारडम नहीं बचा सकता। इसके साथ ही मैं खुद को एक प्रोड्यूसर-फ्रेंडली एक्टर मानता हूं। शूटिंग से पहले ही फिल्म का गणित समझ लेता हूं, ताकि प्रोजेक्ट शुरू से ही सेफ जोन में रहे। जब फिल्म आर्थिक रूप से सुरक्षित होती है, तो क्रिएटिव फ्रीडम अपने आप बढ़ जाती है।

**प्रोड्यूसर-फ्रेंडली होने से आपका क्या मतलब है?**

इसका दायरा बड़ा है। फीस से लेकर टीम और सेट के खर्च तक। मैं कोशिश करता हूं कि मेरी टीम छोटी और असरदार हो। फिजूलखर्ची से बचता हूं। फीस भी इस तरह तय करता हूं हूं कि कि बजट परदे पर दिखे, न कि जेब में। फिल्म हिट होगी, तो रिवॉर्ड मिल ही जाते हैं। साथ ही, मैं उन्हीं प्रोड्यूसर्स के साथ काम करना पसंद करता हूं, जिन्हें फिल्म को सही स्केल पर माउंट करना आता हो।

**क्या अब 100 करोड़ रुपए का क्लब अब आपके लिए नॉर्मल हो गया है?**

मैं नंबर्स के पीछे नहीं भागता, लेकिन उनकी अहमियत समझता हूं। 100 करोड़ रुपए कमाना मेरे लिए एक मदद जैसा है। जब ड्रीम गर्ल 2 जैसी फिल्में चलती हैं, तभी मुझे अंधाधुन, आर्टिकल 15 या एन एक्शन हीरो जैसे रिस्की प्रोजेक्ट्स करने की आजादी मिलती है। कमर्शियल सिनेमा मुझे प्रयोग करने की ताकत देता है।



# निधि अग्रवाल ने खोली निगेटिव पीआर कल्चर की पोल

**अभिनेत्री निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आई थीं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब निधि अग्रवाल ने पीआर कल्चर और पैसे देकर कराए जाने वाले निगेटिव पीआर पर अपनी राय रखी है। निधि ने बताया कि कैसे अक्सर पैसे का इस्तेमाल प्रतिभा को बढ़ावा देने के बजाय लोगों को नीचा दिखाने के लिए किया जाता है।**

### यहां बहुत निगेटिव पीआर होता है

बातचीत के दौरान निधि अग्रवाल ने खुलासा किया कि उन्हें भी निगेटिव पीआर का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इतना निगेटिव पीआर होता है। बहुत सारे तरीकों से हमले होते हैं। यहां तक कि बुक माय शो और आईएमडीबी रेटिंग्स जैसी चीजें भी। पेड रिव्यूज का एक खास वर्ग भी है। लोग दूसरों को नीचा दिखाने के लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि लोग खुद को ऊपर उठाने से ज्यादा पैसा दूसरों को नीचे गिराने में लगाते हैं। हाल ही में मुझ पर भी एक दो निगेटिव अभियान शुरू हुए थे, लेकिन हमने उन्हें तुरंत रोक दिया। क्योंकि मैंने सोचा यार मैं तो खुद को अच्छे तरीके से आगे बढ़ाऊंगी, लेकिन अगर तुम कुछ नकारात्मक करोगे, तो मैं भी तुम्हें वैसा ही जवाब दूंगी।

### वरुण और कार्तिक पर हुए निगेटिव पीआर को बताया गलत

हाल ही में वरुण धवन और कार्तिक आर्यन पर हुए निगेटिव पीआर हमलों के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा कि यह बहुत बुरा है। लोग इसके लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत ही खराब है। क्योंकि अभिनेता बहुत संवेदनशील और भावुक होते हैं। वे अंदर से बच्चों जैसे होते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। आपको ऐसा लगता है जैसे आप पर हमला किया जा रहा है। सार्वजनिक हस्तियां सार्वजनिक संपत्ति नहीं होतीं। घर पर सबके माता-पिता होते हैं और आप उनके प्रति जवाबदेह होते हैं। यह ठीक नहीं है।

### बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई 'द राजा साब'


निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म द राजा साहब में नजर आई थीं। मारुति द्वारा निर्देशित यह हॉरर-कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। फिल्म में इसके अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# उर्वशी ढोलकिया अब मचाएंगी द 50 में धमाल






मशहूर अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया जल्द ही रियलिटी शो द 50 में नजर आएंगी। शो में अपनी एंट्री को लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं, लेकिन साथ ही घबराहट भी महसूस कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत में खुलकर बातें शेयर की। उन्होंने कहा, मैं द 50 में जाने के लिए काफी उत्साहित हूं, लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। मेरे लिए यह एक बड़ा एडवेंचर होने वाला है। साथ ही, यह कुछ अलग और नया अनुभव भी होगा। मैं तो बस इस शो में नए अनुभव लेने के लिए जा रही हूं। अभिनेत्री ने प्लानिंग के बारे में बात करते हुए कहा, शो में कौन प्लानिंग करके जाता है? अगर कोई ऐसा करता है, तो प्लीज मुझे भी बता दीजिए। मैंने आखिरी बार साल 2012 में रियलिटी शो किया था और उसके बाद अब करने जा रही हूं। इसलिए मेरे पास कोई स्ट्रैटेजी नहीं है। मैं बस वहां जाकर जो होगा, उसे इंजॉय करूंगी। शो में कंटेस्टेंट्स की लिस्ट को लेकर उर्वशी ने कहा कि उन्हें अभी तक सिर्फ उतने ही नाम पता हैं, जितने अभी तक सामने आए हैं। उन्होंने कहा, जब मैं पहले रियलिटी शो में गई थी, तब भी मुझे बाकी कंटेस्टेंट्स के बारे में पहले से कुछ नहीं पता था। अब भी वही हाल है। सब कुछ पैलेस में एंटर करने के बाद ही पता चलेगा। मैं बस उस पल का इंतजार कर रही हूं। उर्वशी वैसे काफी समय से मनोरंजन जगत में काम कर रही हैं, लेकिन सबसे ज्यादा उन्होंने पॉपुलैरिटी स्टार प्लस टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका के रोल से हासिल की थी। अब वह कई सालों के बाद फिर से रियलिटी फॉर्मेट में वापसी कर रही हैं। द 50 एक रियलिटी शो है, जिसमें सेलिब्रिटी अलग-अलग चुनौतियों का सामना करेंगे। यह शो 1 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर भी प्रसारित होगा।



# मर्दानी सिर्फ एक फिल्म नहीं, ये एक जिम्मेदारी है

**रानी मुखर्जी ने हमेशा समाज को झकझोरने वाली कहानियां चुनीं। इस बार मर्दानी 3 में उनकी लड़ाई और खतरनाक होने वाली है। फिल्म 30 जनवरी को रिलीज होगी।**

**मर्दानी जैसे किरदार की जिम्मेदारी कैसे देखती हैं?**

मर्दानी सिर्फ एक फिल्म नहीं है, ये एक जिम्मेदारी है। शिवानी शिवाजी रॉय लोगों के दिलों में बस चुकी है। हर बार जब मैं इस किरदार में लौटती हूं, तो दबाव होता है कि पहले से ज्यादा सच्चाई और ताकत के साथ आऊं। इस बार लड़ाई और भी खतरनाक है, विषय और भी डरावना है, लेकिन ऐसी कहानियां बार-बार कही जानी चाहिए, क्योंकि जब तक दर्शक इन्हें देखेंगे नहीं, तब तक ऐसी फिल्में बनती नहीं रहेंगी।

**नेशनल अवॉर्ड जीता, वह पल पिता नहीं देख पाए। इस एहसास को आप कैसे बयां करेंगी?**

ये ऐसी कमी है जो कभी पूरी नहीं होगी। पापा मेरे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम थे। उनके जाने के बाद हर खुशी अधूरी लगती है। नेशनल अवॉर्ड ही नहीं, मेरी जिंदगी का हर बड़ा पल उनसे जुड़ा है। जब भी कुछ अच्छा या बुरा होता है, सबसे पहले पापा याद आते हैं।

**हमेशा मुश्किल टॉपिक्स चुने, ये हिम्मत कहां से आती है?**

मम्मी से शायद। बचपन से हम काली-दुर्गा को पूजते हैं। देवताओं की मदद के लिए असुरों का संहार करने की कहानियां सुनकर बड़े हुए हैं। ये ताकत बंगाली संस्कृति में बचपन से ही अंदर बसी रहती है।

**कभी लगा कि गंभीर रोल चुनने से स्टारडम को नुकसान हो सकता है?**

मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं कोई रिस्क ले रही हूं, क्योंकि मैंने कभी स्टारडम को अपना लक्ष्य बनाया ही नहीं। जरूरी था कि मैं उन कहानियों का हिस्सा बनूं जो मुझे अंदर से छूती हैं। अगर कोई किरदार समाज को असहज करता है, सवाल खड़े करता है या किसी औरत की ताकत दिखाता है, तो मुझे लगता है कि मैं सही दिशा में काम कर रही हूं।



# असल में फैमिली मैन हैं तस्करी के बड़ा चौधरी शरद केलकर

**एक्टर शरद केलकर जितने ज़हीन कलाकार हैं, निजी जिंदगी में उतने ही परफेक्ट फैमिली मैन भी। टीवी, फिल्मों और ओटीटी तक पर सफलतापूर्वक अपने अभिनय की चमक बिखेरने वाले शरद इन दिनों नेटफ्लिक्स पर आई अपनी वेब सीरीज तस्करी- द स्मगलर्स वेब को लेकर चर्चा में हैं। शरद एक बेहतरीन डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। हॉलीवुड की डाउन ऑफ द प्लेनेट ऑफ द ऐप्स और गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों के हिंदी वर्जन से लेकर साउथ की बाहुबली फ्रेंचाइज, सलार और आदिपुरुष में वह लीड किरदार की आवाज बने। बातचीत में शरद ने अपने करियर से लेकर निजी जिंदगी और परिवार को लेकर दिलचस्प बातें की हैं।**

**शो में आप नेगेटिव रोल में हैं। पहले भी आपने नकारात्मक भूमिकाएं की हैं। क्या नेगेटिव रोल बतौर एक्टर पर्दे पर ज्यादा खेलने का मौका देते हैं?**

हां, आपको थोड़ा ज्यादा खेलने की आजादी होती है, लेकिन असल में विलेन भी अपनी नजर में हीरो ही होता है, बस उसकी सोच गलत होती है। अपने दिमाग में वह हीरो है कि मैं जो कर रहा हूं सही कर रहा हूं। अपने लिए कर रहा हूं और बतौर एक्टर आपको भी ऐसे ही सोचना होता है। अगर आप ये सोचने लगेंगे कि ये कैरेक्टर गलत कर रहा है तो वो **असहजता आपके चेहरे पर दिखेगी। इसलिए, बतौर ऐक्टर आप उसे जज नहीं कर सकते। आपको उसे अपनाना पड़ेगा। हालांकि, कभी-कभी ऐसा लगता है कि यार, ये कैसा आदमी है?**

जैसे मुझे याद है जब मैं ऑपरेशन रोमियो कर रहा था तो सातवें-आठवें दिन बहुत परेशान हो गया कि यार, ये मैं नहीं हूं। क्या गंदा काम कर रहा हूं, तो मैं नीरज पांडे सर के ऑफिस पहुंचा और बोला कि सर, मुझे बहुत तकलीफ हो रही है। खुद से घिन आ रही है कि ये मैं क्या कर रहा हूं तो उन्होंने कहा- तुझे बहुत खराब लग रहा है न, तो ऐसे ही करते रह, क्योंकि तभी लोगों को भी वैसा लगेगा। यही एक एक्टर की सफलता है कि लोगों को वह किरदार दिखे, उन्हें शरद केलकर न दिखे।

**आप एक्टर होने के साथ पिता भी हैं। कभी बेटी केशा की वजह से काम को लेकर कोई चॉइस बदली हैं कि मुझे ये चीजें नहीं करनी हैं?**

नहीं, बिल्कुल नहीं। अभी तो वो बहुत छोटी हैं। वह सिर्फ 12 साल की होने वाली है, मगर वह खुद थिएटर करती हैं। स्कूल के नाटकों में परफॉर्म करती हैं। गाना गाती है, तो इस दुनिया से अवेयर हैं। हालांकि, उसने फिल्में कभी पूरी देखी नहीं हैं। एकाध कोई फिल्म देखी होगी, लेकिन वो जानती है कि रियलिटी और एक्टिंग बहुत अलग-अलग चीजें हैं, क्योंकि वो खुद एक्टिंग करती है तो उसे पता है कि मैं एक किरदार निभा रहा हूं। इसलिए, मुझे यह डर नहीं है कि कभी वो ये बोलेगी कि पापा, आपने ऐसा कैरेक्टर क्यों किया? उतनी समझ उसमें है, क्योंकि मैं और मेरी पत्नी कीर्ति दोनों एक्टर हैं तो वह इस दुनिया से वाकिफ है। हालांकि, उसे फिल्मों में ज्यादा रुचि नहीं है। उसका रुझान म्यूजिक की ओर ज्यादा है। वह गाना गाती है।

**आपने पत्नी कीर्ति गायकवाड़ केलकर का जिक्र किया, जिनके साथ आपकी शादी को दो दशक हो गए। आज के समय में जहां प्यार के रिश्ते इतने नाजुक हो गए हैं, सफल शादी का क्या सूत्र मानते हैं?**

प्यार सबसे जरूरी चीज है। दूसरे सम्मान बहुत जरूरी है और वक्त जो एक दूसरे को देना चाहिए। ये तीन चीजें बहुत जरूरी हैं। ये तीन चीजें अगर आप एक दूसरे को देंगे तो सब आसान है। मुझे लगता है कि रिश्ता निभाना इतना भी मुश्किल नहीं है, हम बस उसे कॉम्प्लिकेटेड बना लेते हैं। बहुत छोटी-छोटी चीजें होती है, जिसे आपसी समझ से सुलझा सकते हैं। हमारी जब शादी हुई थी तब ये सुनते थे कि इनकी शादी को दस साल, 12 साल हो गए तो हैरानी होती थी। आज हमें खुद 21 साल हो गए और वैसा ही महसूस होता है जैसे जब शादी हुई थी। हमें एक थोड़ा सा फायदा ये है कि हम दोनों ही एक्टर हैं तो एक दूसरे को बेहतर ढंग से समझते हैं।

**तस्करी सीरीज में बड़े चौधरी का किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा? सुना है उसके लिए 8 किलो वजन कम किया?**

मैं नीरज सर (शो के रनर नीरज पांडे) के साथ 6-7 साल से काम कर रहा हूं। ये उनके साथ मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है। मुझे उनके संग काम करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि उनकी राइटिंग में बहुत क्लैरिटी होती है। मैंने उनके साथ काम करते हुए बहुत सीखा है। वह सब कुछ बहुत अच्छे से समझाते हैं, फिर आपको छोड़ देते हैं कि अपने हिसाब से करो। आपको किसी दायरे में नहीं बांधते, जो एक्टर के लिए बहुत बड़ी बात है। इसमें बड़े चौधरी के किरदार की खासियत यह है कि वह टिपिकल विलेन नहीं है। उसकी एक बढ़िया सी बैक स्टोरी है। वह एक आम सा दिखने वाला बिजनेसमैन है, मगर वो क्या कर रहा है, कैसे कर रहा है, वह रोचक है। रही बात वजन कम करने की, तो असल में मैं मोटा था तो नॉर्मल हुआ। ऐसा कोई वजन घटाया नहीं है। मैं बहुत फूडी हूं तो बहुत खाता रहता हूं, इसलिए वजन थोड़ा बढ़ गया था, वो थोड़ा कंट्रोल किया।

## जम्मू-कश्मीर व पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

जम्मू (एजेंसी)। लगातार हो रही बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद हो गया। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार बर्फबारी से मंगलवार रात हिमस्खलन आया। एवलांच (हिमस्खलन) में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके देखते हुए मौसम विभाग ने एवलांच का अलर्ट जारी किया था। जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गंदरबल, अनंतनाग, बांदीपोरा, बारामूला, कुलगाम और कुपवाड़ा समेत कश्मीर के 11 जिलों और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी और रामबन के लिए हिमस्खलन की चेतावनी दी थी। मंगलवार को भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद रहा। इसके साथ श्रीनगर एयरपोर्ट पर सभी फ्लाइट्स रद्द होने से लोग परेशान हुए। इमरजेंसी सेवाओं और सशस्त्र बलों की आवाजाही में भी इससे रुकावट आई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और सड़क साफ करने का अभियान जारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली 29-29 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बर्फबारी के कारण रनवे ऑपरेशन के लिए असुरक्षित हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था। बर्फ हटाने का काम जारी रहने के बावजूद हाईवे पर ट्रैफिक संचालन की अनुमति नहीं दी जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। बनिहाल और बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं। ट्रैक साफ होने के कुछ घंटों बाद ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए। जिला प्रशासन और पुलिस ने जनता की मदद के लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए हैं। मौसम विभाग ने अधिकांश जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी और कुछ इलाकों में गरज या तेज हवाएं चल सकती हैं। बुधवार को भी हल्की बारिश हो सकती है।

## गुरुग्राम में कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने का आया मेल, मचा हड़कंप, बच्चों को बाहर निकाला

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम के बड़े और नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर स्कूलों में सर्च अभियान चलाया गया और बच्चों को बाहर निकाला। गुरुग्राम में जिन बड़े स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें कुंसकपालन स्कूल, लैंसर्स स्कूल और हेरिटेज एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल और बादशाहपुर पाथवेस स्कूल, शालोम हिल्स स्कूल, शेरवुड कान्वेंट स्कूलों को बम धमकी वाला ईमेल मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए। एसडीआरएफ की टीम भी सहायता के लिए बुलाई गई। जांच कार्य में जुटी गुरुग्राम पुलिस सभी स्कूलों तलाशी अभियान चलाया। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन स्थिति पर प्रशासन की कड़ी नजर रखे हुए है। छात्रों-स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। पुलिस की तरफ से जांच जारी है। बता दें बुधवार सुबह 7 बजे कुंसकपालन स्कूल गुरुग्राम में बम की धमकी भरी मेल मिले, जिसमें लिखा था कि हरियाणा खालिस्तान है, गुरुग्राम स्कूल में दोपहर 1.11 बजे बम धमाका होगा। इसी प्रकार से लांसर इंटेरनेशनल स्कूल सैक्टर 53 गुरूग्राम, शेरवुड स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम अमेरिकन स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम, लॉटस वैली स्कूल सैक्टर 50 गुरुग्राम, श्रीराम स्कूल सैक्टर 29 गुरूग्राम, स्कोटिस स्कूल सैक्टर 57 गुरूग्राम बम से उडाने की धमकी भरी मेल मिली है। ज्यादातर स्कलों में एम्बर डरहम से मेल आई है, जबकि कुछ स्कूलों में नॉवेल्ला से मेल मिली है। सभी मेल में कैंटेट सेम है जिन-जिन स्कूलों में मेल आई। सभी स्कलों की छुटटी कर दी गई।

## पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर घुस रहे दो बदमाश पकड़े, सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई

पटना (एजेंसी)। पटना सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार सुबह हथियार लेकर घुसने की कोशिश करने वाले दो युवकों में से एक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा, जबकि दूसरा फरार हो गया है। घटना से कोर्ट परिसर में सनसनी फैल गई और अधिवक्ताओं में डर का माहौल बन गया। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और पकड़े गए आरोपी पीयूष (हाजीपुर निवासी) से पूछताछ कर रही है। पुलिस फिलहाल दूसरे फरार आरोपी की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे गेट पर दो युवकों की चेकिंग के दौरान संदेह होने पर एक को पकड़ा गया। वरीय अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। दोनों युवकों के उद्देश्य और टारगेट का पता लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की खोज में लगी हुई है। पटना सिविल कोर्ट के वकील ऋषिकेश नारायण सिंहा ने कहा कि यह सुरक्षा की बड़ी चूक है। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता की सराहना कर कहा कि अगर वे नहीं होते, तब गंभीर हादसा हो सकता था। वकील ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस घटना ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है और सभी की चिंता बढ़ा दी है।


## तेलंगाना में साइबर अपराध से जुड़े केरल-बेंगलुरु के छह आरोपी गिरफ्तार

**-कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को जालसाजों को कराए उपलब्ध**

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने केरल और बेंगलुरु के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने कहा है कि आरोपियों में पांच ऐसे 'म्यूल' खाताधारक शामिल हैं जिन्होंने कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को मुख्य जालसाजों को इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराया है। इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधों के जरिए मिले धन के लेन-देन में किया गया, जबकि इसमें एक एजेंट भी शामिल है। बता दें 'म्यूल' खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं। तेलंगाना में दर्ज तीन मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो मुख्य जालसाजों द्वारा किए गए 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी और ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी से संबंधित थे। टीजीसीएसबी की निदेशक ने बताया कि दो टीम ने छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें से तीन केरल के और तीन बेंगलुरु से हैं।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**-रिपोर्ट को बताया 'आई-वॉश', स्वतंत्र जांच आयोग गठन करने का दिया आदेश**




**इंदौर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने शासन और नगर निगम की रिपोर्ट को 'आई-वॉश' करार दिया है। कोर्ट ने माना कि यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग के गठन का आदेश दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को भागीरथपुरा में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अब तक मरने वालों की संख्या 29 हो गई है। मृतक खूबचंद (63) पिछले 15 दिनों से उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक वे पहले स्वस्थ थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। भागीरथपुरा मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई की। शासन की ओर से कोर्ट में 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें 16 मौतें दूषित पानी से होनी बताई गई। वहीं 4 मौतों को लेकर असमंजस और 3 मौतें दूषित पानी से नहीं होना बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने मौतों के आंकड़ों को लेकर गंभीर असहमति दर्ज की। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतें जलजनित बीमारी से मानी गईं, वहीं याचिकाकर्ताओं ने करीब 30 मौतों का दावा किया। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में मौतों के स्पष्ट कारण दर्ज नहीं हैं और पर्याप्त वैज्ञानिक व दस्तावेजी आधार का अभाव है। कोर्ट ने आदेश दिया कि भागीरथपुरा में दैनिक जल गुणवत्ता जांच और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगातार जारी रखे जाएं। जांच आयोग को चार सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट सौंपनी होगी। मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी।


न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने रिपोर्ट में प्रयुक्त 'वर्बल ऑटॉप्सी' शब्द पर भी आपत्ति जताई और पूछा कि यह कोई मान्य मेडिकल शब्द है या अधिकारियों द्वारा गढ़ा गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पेश की गई रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और इसे केवल 'आई-वॉश' माना जा सकता है।

## यूजीसी के नए नियमों पर एकमत नहीं है पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का परिवार



लखनऊ (एजेंसी)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके दो बेटों के बीच विचार एकमत नहीं है। इस मुद्दे पर जहां पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि इस पर अध्ययन के बाद सोच समझकर अपनी राय रखेंगे क्योंकि ये बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा कि वह इसका अध्ययन कर रहे हैं और जो भी बोलेंगे बहुत सोच विचार करके ही बोलेंगे। बता दें कि यूजीसी के नए नियमों को लेकर इस समय देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को भी लखनऊ गोरखपुर, बस्ती सहित कई जिलों में छात्रों-युवाओं ने प्रदर्शन किए। विरोध-प्रदर्शनों के इस माहौल में लोग जनप्रतिनिधियों से उनका स्टैंड पूछ रहे हैं। इसी क्रम में बृजभूषण शरण सिंह से भी इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने अध्ययन करने की बात कहकर जवाब को टाल दिया। वहीं, इस मुद्दे पर उनके परिवार में ही दो तरह की स्थिति देखने को मिली है। एक ओर यूजीसी के नियमों में किए गए बदलाव वाली 31 सदस्यीय संसदीय समिति का हिस्सा बृजभूषण के सांसद बेटे करण भूषण सिंह थे। वहीं उनके विधायक पुत्र प्रतीक भूषण सिंह ने इस नियम को लेकर इसके उलट प्रतिक्रिया दी है। प्रतीक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि इतिहास के दोहरे मापदंडों पर अब गहन विवेचना होनी चाहिए जहां बाहरी आक्रांताओं और उपनिवेशी ताकतों के भीषण अत्याचारों को अतीत की बात कहकर भुला दिया जाता है जबकि भारतीय समाज के एक वर्ग को निरंतर ऐतिहासिक अपराधी के रूप में चिन्हित कर वर्तमान में प्रतिशोध का निशाना बनाया जा रहा है। बता दें कि प्रतीक भूषण सिंह गोंडा की सदर सीट से विधायक हैं। उनका पक्ष सामने आने के बाद इस पर लोगों की अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। उधर, यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवाल पूछे जाने पर विधायक प्रतीक भूषण के पिता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि यूजीसी एक बड़ा और गंभीर विषय है। मैं इसका अध्ययन कर रहा हूं। जो कुछ भी बोलूंगा सोच-समझकर बोलूंगा। यह समाज से जुड़ा मुद्दा है। सामंजस्य निकलना जरूरी है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा शुरुआत है एक ऐतिहासिक सफर की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नए और ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं और भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा, शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचना एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत है। आने वाले वर्षों में भारत अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और युवा प्रतिभाओं की मेहनत और संकल्प का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अब अंतरिक्ष केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष पर्यटन भी धीरे-धीरे भारतीयों की पहुंच में आता जा रहा है। राष्ट्रपति के इस बयान को भारत के उभरते अंतरिक्ष उद्योग और निजी क्षेत्र की भागीदारी के संदर्भ में अहम माना जा रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने गगनयान मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ इस महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गगनयान मिशन भारत को अंतरिक्ष में मानव भेजने वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल करेगा। इस दौरान लोकसभा कक्ष में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई सांसदों और नेताओं ने मेजें थपथपाकर राष्ट्रपति के संबोधन का स्वागत किया।

# ममता ने इतने साल शासन के बाद भी युवाओं के लिए कुछ भी नहीं किया: अग्निमित्रा पॉल



**दुर्गापुर (एजेंसी)।** बंगाल से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने सालों के शासनकाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज तक जनता के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2008 में जब टाटा का नैनो प्रोजेक्ट बंगाल के सिंगूर में आया था, तब उस कंपनी को वापस भेज दिया था। तब ममता बनर्जी ने कहा था कि हम प्रदेश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दूंगी। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में उनकी सरकार ने युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा विधायक ने कहा कि इन लोगों ने सत्ता में रहते हुए युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में इन लोगों ने आज तक किसी भी युवा को रोजगार देने का फैसला नहीं किया। अगर दिया होता, आज की तारीख में युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ता। ममता बनर्जी ने सिर्फ प्रदेश के लोगों के साथ छलावा किया है।

उन्होंने कहा कि ममता ने लगातार प्रदेश में निवेश से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में दावा किया गया है कि हम प्रदेश में निवेश को लाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे है। लेकिन, आज तक प्रदेश में किसी भी प्रकार के निवेश को नहीं लाया गया। लेकिन, स्थिति ऐसी बनी हुई है कि युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की शरण लेनी पड़ रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस दिशा में पूरी तरह से उदासीन बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी हमारे बंगाल में आए। उन्होंने हमसे वादा किया है कि आगामी दिनों में पश्चिम बंगाल को उत्पादन का केंद्र बनाया जाएगा। इससे अन्य लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारे राज्य में प्रचुर मात्रा में संसाधन है, जिनका इस्तेमाल किया जाएगा। लेकिन, अफसोस की बात है कि ममता बनर्जी को प्रदेश की जनता ने मौका दिया। आज तक उन्होंने प्रदेश की जनता के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

### जयपुर- पैसेंजर्स से भरे एयर इंडिया प्लेन की लैंडिंग फेल, रनवे को टच कर फिर उड़ा, फ्लाइट में थे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जयपुर। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से दहशत फैल गई। बुधवार दोपहर को विमान रनवे को टच करते ही वापस उड़ गया। जानकारी के अनुसार फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी थे। हालांकि, करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, फ्लाइट एआई-1719 ने दोपहर करीब 1 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। अस्थिर अप्रोच के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड का फैसला लिया। पहले प्रयास के बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर तक गोल चक्कर लगाया। करीब 10 मिनट बाद पायलट ने सफल लैंडिंग की। इस फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स थे। सूत्रों के मुताबिक, इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे।

# ब्राह्मण समाज को एकजुट करने में जुटे थे अग्निहोत्री, अब इंटेलिजेंस पर उठे सवाल



**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रहे अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा इन दिनों देशव्यापी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। प्रशासनिक पद पर रहते हुए समाज सेवा और एक विशिष्ट वर्ग को संगठित करने की उनकी गतिविधियों ने शासन से लेकर आम जनता तक सबको हैरान कर दिया है। बताया जा रहा है कि अलंकार अग्निहोत्री काफी समय से ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के मिशन पर काम कर रहे थे, जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन और खुफिया विभाग को अंत तक नहीं लग सकी।

सूत्रों के अनुसार, बरेली में तैनाती के दौरान ही उन्होंने ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए सक्रियता बढ़ा दी थी। चौंकाने वाली बात यह है कि सिटी मजिस्ट्रेट जैसे संवेदनशील पद पर रहते हुए वे अपने कार्यालय में ही समाज से जुड़े नेताओं और युवाओं के साथ नियमित बैठकें करते थे। इन चर्चाओं में ब्राह्मण समाज की मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर रणनीति बनाई जाती थी। प्रशासनिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कई अन्य ब्राह्मण अधिकारी भी उनके निरंतर संपर्क में थे। समाज को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिए उन्होंने कई व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए थे। हाल ही में मालवीय जयंती पर जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के बाद समाज में उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुंच गई और उन्हें एक नई पहचान मिलने लगी।

इस्तीफे की पटकथा अचानक नहीं लिखी गई। जानकारी के मुताबिक, अग्निहोत्री ने करीब पांच महीने पहले ही अपने करीबियों के बीच पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। दिसंबर में भी इस पर विमर्श हुआ, लेकिन अंततः उन्होंने 26 जनवरी का दिन अपने त्यागपत्र के लिए चुना। इस पूरे मामले ने उत्तर प्रदेश के खुफिया तंत्र यानी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी अपने कार्यालय का उपयोग सामाजिक बैठकों के लिए करता रहा, लेकिन एलआईयू को इसकी जानकारी नहीं हुई, इसे बड़ी विफलता माना जा रहा है। अब शासन स्तर पर इस इंटेलिजेंस फेल्योर की समीक्षा की जा रही है और माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर बड़ी गाज गिर सकती है। अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब देश में आरक्षण और यूजीसी के नियमों को लेकर नई बहस छिड़ी हुई है। डैमेज कंट्रोल न हो पाने और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खुफिया इनपुट की कमी ने सरकार के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर दी है।

# मायावती ने जातिवादी मानसिकता वालों को दी नसीहत, सरकार को भी घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव को समाप्त करने के लिए बनाए गए नए नियमों का समर्थन किया है। उन्होंने इक्विटी कमेटी (समता समिति) के गठन का विरोध करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे संकीर्ण मानसिकता का परिचायक बताया है। मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव के निराकरण हेतु यूजीसी द्वारा लाए गए नए नियमों का कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य वर्ग के केवल वे ही लोग इसका विरोध कर रहे हैं जो जातिवादी मानसिकता से ग्रसित हैं और इसे अपने विरुद्ध एक षड्यंत्र मान रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

हालांकि, बसपा सुप्रीमो ने सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील नियमों को लागू करने से पहले यदि सभी पक्षों को विश्वास में लिया जाता, तो देश में सामाजिक तनाव की स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने सरकारों और संस्थानों को सलाह दी कि भविष्य में इस तरह के कदम उठाते समय सामाजिक सामंजस्य का ध्यान रखा जाना चाहिए। मायावती ने दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों व नागरिकों को भी सतर्क रहने की नसीहत दी। उन्होंने अपील की कि इन वर्गों के लोगों को अपने ही समाज के स्वार्थी और बिकाऊ नेताओं के भड़काऊ बयानों में नहीं आना चाहिए, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे मुद्दों का सहारा लेते हैं। गौरतलब है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को नए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियों, हेल्पलाइन और निगरानी दलों की स्थापना अनिवार्य कर दी गई है। इन नियमों को लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं।


# चारधाम कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, यहां केवल हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन को ही मिलेगी एंट्री

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध चारधामों—बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंदिर समितियों ने अपनी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से कहा गया है कि इन पवित्र धामों में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जो सनातन परंपरा और देवी-देवताओं में अटूट आस्था रखते हैं। इस निर्णय के तहत हिंदुओं के साथ-साथ सिख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों को भी दर्शन की अनुमति होगी।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने इस फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम कोई पिकनिक स्पॉट या सामान्य पर्यटन स्थल नहीं हैं। ये सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक केंद्र हैं, जिनकी अपनी एक गरिमा और मर्यादा है। उन्होंने संवैधानिक तर्कों का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत सिख, जैन और बौद्ध धर्म को सनातन परंपरा का अभिन्न अंग माना गया है। वहीं, अनुच्छेद 26 धार्मिक संस्थाओं को अपनी परंपराओं, पूजा-पद्धति और अनुशासन की रक्षा करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है। द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, अनुशासन और धामों की शुद्धता को संरक्षित करने के लिए लिया गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए हजारों अन्य स्थल खुले हैं, लेकिन धामों की मूल धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक स्वरूप से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिरों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पहले से ही प्रतिबंधित रहा है; यह कोई नया नियम नहीं बल्कि सदियों पुरानी परंपरा का औपचारिक ऐलान मात्र है। जिस तरह मस्जिद और चर्च के अपने नियम और संस्कार होते हैं, उसी तरह हिंदू मंदिरों को भी अपनी पवित्रता तय करने का अधिकार है। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने भी इसी सुर में अपनी बात रखते हुए कहा कि जो लोग हिंदू धर्म का सम्मान करते हैं और सनातन संस्कृति में विश्वास रखते हैं, उनका स्वागत है। विशेष रूप से सिख समाज के लोग जो हमेशा से हिंदू परंपराओं के करीब रहे हैं, वे दर्शन के लिए आ सकते हैं। वर्तमान में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समितियों ने गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी औपचारिक प्रस्ताव भी पारित कर दिया है। इस निर्णय का उत्तराखंड की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और पुरोहित समाज ने स्वागत किया है। श्री केदार सभा और श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत सहित तमाम सनातन धर्मावलंबियों ने इसे धर्म की रक्षा के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक कदम बताया है। स्थानीय तीर्थ पुरोहितों का मानना है कि धामों की दीक्षा और संप्रदाय आधारित व्यवस्था को बनाए रखना ही देवभूमि की असली पहचान है।

**वक्फ बोर्ड ने फैसले का किया स्वागत**

इस संवेदनशील मुद्दे पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी मंदिर समितियों के फैसले का स्वागत करते हुए पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि जिनकी देवी-देवताओं पर आस्था ही नहीं है, उनका चारधाम में आखिर क्या काम? शम्स ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन संस्कृति पर वैश्विक स्तर पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे में इसे संरक्षित करने के लिए कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री आस्था के केंद्र हैं, पर्यटन के केंद्र नहीं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com